जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 | वर्षः 32 | संख्याः 65 | प्रभात | उदयपुर, सोमवार 6 जनवरी, 2025 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.


# सुप्रीम कोर्ट में होगी बिहार लोक सेवा आयोग प्री परीक्षा रद्द करने की सुनवाई

## शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रशासन ने कुछ केन्द्रों पर दोबारा परीक्षा करवाई, छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया

नई दिल्ली, 05 जनवरी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्री-परीक्षा रद्द करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें अनुरोध किया गया है कि बीपीएससी की प्री-परीक्षा को रद्द किया जाए, क्योंकि इसमें काफी धांधली हुई थी। इसके साथ ही एसपी और डीएम को निलंबित करने की भी मांग की गई है।

ज्ञातव्य है कि, परीक्षा में धांधली के आरोपों और विरोध प्रदर्शन के बीच पटना के 22 केंद्रों पर शनिवार को दोबारा आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई है। लेकिन विरोध कर रहे छात्र सभी केंद्रों पर हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

बीपीएससी द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित एक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों अभ्यर्थियों ने शहर के बापू परीक्षा केंद्र में संचालित परीक्षा का बहिष्कार किया था। इसपर आयोग ने 12000 उम्मीदवारों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया था। इस आदेश के तहत अभ्यर्थियों को चार जनवरी को शहर के विभिन्न केंद्रों पर नए सिरे से आयोजित की जाने वाली परीक्षा में शामिल होने के लिए कहा गया था।

- **गत 13 दिसम्बर को परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए अभ्यार्थियों ने परीक्षा का बहिष्कार किया था।**

हालांकि, आयोग का मानना है कि बिहार के शेष 911 केंद्रों पर परीक्षा ठीक से आयोजित की गई और इस परीक्षा में शामिल पांच लाख से अधिक उम्मीदवारों की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई थी। लेकिन उम्मीदवारों के एक वर्ग ने समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों के लिए फिर से परीक्षा का आदेश दिये जाने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने अधिकारियों को 'सबूत मुहैया कराए हैं कि कदाचार व्यापक रूप से हुआ था और यह केवल बापू परीक्षा केंद्र तक सीमित नहीं था। बीपीएससी ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया है। बीपीएससी द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा को रद्द करने की मांग ने उस समय जोर पकड़ लिया जब आंदोलनकारी अभ्यर्थियों को विभिन्न राजनीतिक दलों, निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का समर्थन मिलना शुरू हो गया।

कांग्रेस, भाकपा माले, भाकपा और माकपा के कई विधायकों और नेताओं ने भी प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को समर्थन दिया है। ये अभ्यर्थी मांग कर रहे हैं कि राज्य भर में 900 से अधिक केंद्रों पर उपस्थित सभी पांच लाख उम्मीदवारों के लिए नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाए, ताकि समान अवसर सुनिश्चित हो सके।

## मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह जयंती पर शुभकामनायें दीं

जयपुर, 5 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरु गोबिन्द सिंह जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

शर्मा ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने लोगों को प्रेम, करूणा, एकता और समानता की सीख दी। उनका संपूर्ण जीवन परोपकार व त्याग का एक अनुकरणीय उदाहरण है।

- **उन्होंने कहा, गुरु गोविन्द सिंह का संपूर्ण जीवन परोपकार व त्याग का अनुकरणीय उदाहरण है।**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आ ान किया कि वे सभी गुरु गोबिन्द सिंह के जीवन मूल्यों को आत्मसात कर देश-प्रदेश के चहुंमुखी विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# राजस्थानः तापमान में दो से चार डिग्री गिरावट की संभावना

## दिल्ली व एन.सी.आर. में सोमवार को बारिश होने की संभावना है

नई दिल्ली, 5 जनवरी। दिल्ली में इस समय शीतलहर का प्रकोप जारी है। रविवार को तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज हवाएं 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही हैं। इससे ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कल सोमवार को दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में बारिश की संभावना है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उत्तर- प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब में धुंध और शीतलहर का कहर जारी है।

मौसम विभाग (आईएमडी) ने सुबह के समय घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जिससे शहर में विज़िबिलिटी कम हो सकती है। शाम और रात में भी धुंध और हल्का कोहरा रहने की संभावना है, जिससे हवा की गुणवत्ता और विज़िबिलिटी पर असर पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 10 से 12 जनवरी के बीच एक नया पश्चिमी विक्षोभ मौसम के मिजाज में बदलाव लाएगा। इससे दिल्ली समेत उत्तर पश्चिम भारत में हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक इससे धुंध तो छटेगी लेकिन तापमान पर कुछ खास असर नहीं पड़ेगा।

- **राजस्थान में कई इलाकों में घना कोहरा जनजीवन को प्रभावित कर रहा है।**

राजस्थान में इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है और राज्य के कई इलाके धुंध और कोहरे की चपेट में हैं। ठंड और कोहरे के कारण लोग अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। रविवार की सुबह भी राजस्थान में कहीं-कहीं घने से अति घना कोहरा छाया रहा। जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार राज्य में आगामी चार से पांच दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा अधिकांश भागों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

मौसम केन्द्र के प्रवक्ता के अनुसार, बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी तीन दिन कहीं-कहीं घना कोहरा छाने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि आगामी 10-12 जनवरी को एक और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम केन्द्र के अनुसार बीकानेर संभाग में रविवार को बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार हल्के पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की बारिश होगी। इसके बाद रात के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी।

# बाँग्लादेश ने अपने न्यायाधीशों का भारत में प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द किया

## बिना कारण बताये रद्द की गई अधिसूचना को भारत विरोधी कदम माना जा रहा है

ढाका, 5 जनवरी। बांग्लादेश ने अपने एक ताजा फैसले से भारत के साथ दुश्मनी को और बढ़ा लिया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने रविवार को एक पूर्व अधिसूचना को निरस्त करते हुए भारत में 50 न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम को रद्द कर दिया। इससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना तय माना जा रहा है। बांग्लादेश के विधि मंत्रालय के प्रवक्ता ने विस्तृत विवरण दिये बिना बताया, "अधिसूचना रद्द कर दी गई है।"

समाचार पत्र 'डेली स्टार' की खबर के अनुसार बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। सरकारी बांग्लादेश संबाद संस्था ने एक दिन पहले यह खबर दी थी, जिसमें कहा गया था कि निचली अदालतों के 50 न्यायाधीश 10 फरवरी से मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी और राज्य न्यायिक अकादमी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित प्रशिक्षु न्यायाधीशों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश या इसके समकक्ष अधिकारी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, संयुक्त जिला न्यायाधीश, वरिष्ठ सहायक न्यायाधीश और सहायक न्यायाधीश शामिल थे।

- **निचली अदालतों के 50 न्यायाधीश, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में 10 फरवरी को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले थे। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का पूरा खर्चा भारत सरकार को वहन करना था।**

भारत सरकार को प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सारा खर्च वहन करना था। भारत और बांग्लादेश के बीच तब से तनावपूर्ण संबंध बने हुए हैं, जब वहाँ की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर आंदोलन के बाद नई दिल्ली चली गई थीं, जिससे उनकी अवामी लीग की 16 साल लंबी सरकार गिर गई थी।

आठ अगस्त को मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से हिंदू समुदाय के सदस्यों और उनके पूजा स्थलों लगातार हमले हुए हैं। भारत ने पहले ही इन हमलों के संबंध में बांग्लादेश के समक्ष चिंता व्यक्त की है, खासकर तब, जब पिछले महीने एक हिंदू संत को राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## दिल्ली के दो "आप" नेता कांग्रेस में शामिल

नयी दिल्ली, 5 जनवरी। राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के नेता राघवेन्द्र पठानिया और मोनिका सिंह ने रविवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया।

- **प्रदेश कार्यालय में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दोनों नेताओं को प्रदेश कार्यालय में पार्टी का पटका पहना कर कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष रौनक खत्री सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। यादव ने आप से कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि इनके आने से पार्टी मजबूत होगी।

# मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिये नीति बनाई

## ये इन्फ्लुएंसर्स सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को जनता तक पहुँचाने का काम करेंगे

जयपुर, 5 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर इस वर्ष की बजट घोषणा को पूरा करते हुए राज्य सरकार ने पहली बार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए नव प्रसारक नीति जारी की है।

इस योजना में जुड़ने वाले, नव प्रसारक पं. दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की अवधारणा के अनुरूप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण की सोच को साकार करने के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी इस नीति में नव प्रसारकों के लिए दो श्रेणियां बनाई गई हैं। श्रेणी ए में एक लाख से अधिक सब्सक्राइबर अथवा फॉलोअर्स वाले सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स और श्रेणी बी में न्यूनतम 7 हजार से 1 लाख तक सब्सक्राइबर अथवा फॉलोअर्स वाले सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को रखा गया है। जिला स्तर पर प्रत्येक श्रेणी में एक-एक नव प्रसारक और संभाग स्तर पर श्रेणी ए में दो एवं बी में एक नव प्रसारक का चयन किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के प्रभारी इन नव प्रसारकों के मेंटर के रूप में इनके कार्यकी निगरानी करेंगे। विभाग इन नव प्रसारकों को कंटेट क्रिएशन, वीडियो-ऑडियो एडिटिंग, एस ओ, सोशल मीडिया मैनेजमेंट और ब्रांडिंग आदि स्किल्स प्राप्त करने में मदद भी करेगा।

- **नव प्रसारकों की दो क्षेणियाँ बनाई गई हैं। ए श्रेणी में 1 लाख से अधिक सब्सक्राइबर वाले तथा बी श्रेणी में 7,000 से एक लाख सब्सक्राइबर वाले शामिल होंगे।**
- **राजस्थान सरकार के 24-25 के बजट में इस नीति को बनाने की घोषणा की गई थी।**

नव प्रसारक फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब में से अपने कम से कम दो सोशल मीडिया अकाउंट्स पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और निर्णयों से संबंधित एक पोस्ट प्रतिदिन अपलोड करेंगे। साथ ही, सरकार के विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स की पोस्ट्स को प्रतिदिन शेयर अथवा री-पोस्ट कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे।

उल्लेखनीय है कि परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में जोड़ने के लिए कौशल आधारित नव प्रसारक नीति लाने की घोषणा की गई थी।

## यू.पी. से बाँग्लादेश ले जाए जा रहे 528 कछुए बरामद

इटावा, 05 जनवरी। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में मैनपुरी सीमा पर छापेमारी करके वन विभाग और एसटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से बांग्लादेश ले जाए जा रहे 528 कछुए बरामद किए। इस सिलसिले में एक कछुआ तस्कर गिरफ्तार किया गया है।

इटावा के प्रभागीय वन अधिकारी अतुलकांत शुक्ला ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिरी से मिली सूचना के आधार पर एसटीएफ और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से मैनपुरी सीमा पर छापेमारी करके, तस्करी करके बांग्लादेश ले जाए जा रहे 528 कछुए बरामद किए। बरामद किए गए सभी कछुए सुंदरी प्रजाति के हैं।

उन्होंने बताया कि कछुआ तस्कर गिरेंद्र सिंह उर्फ गौरव शाक्य पुत्र रामसेवक निवासी नगला जानूखा थाना बिछवा तहसील कुरावलली जिला मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इटावा की डीएफओ अतुल कांत शुक्ला ने बताया कि ट्रक भागने की फिराक में था लेकिन वाहन चेकिंग में इसको सुबह तड़के 3 बजे घेर कर पकड़ लिया गया। ट्रक में बिजली का सामान लदा हुआ था और यह दिल्ली से कोलकाता होते हुए बांग्लादेश के ढाका शहर जा रहा था। शुक्ला ने कहा, हम लोग पूरी तरह से सभी लिंक तलाश कर रहे हैं और सफेद पोश को भी तलाश कर रहे हैं। शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी तथा वाइल्डलाइफ एक्ट के तहत करवाई की जाएगी।

- **मुखबिर की सूचना पर छापा मारा गया जिसमें कछुआ तस्कर भी पकड़ा गया।**
- **बिजली के सामान से भरे ट्रक में सुंदरी प्रजाति के कछुए छुपा कर ले जाये जा रहे थे। यह ट्रक दिल्ली से कोलकाता होते हुए ढाका जा रहा था।**

डीएफओ अतुल कांत शुक्ला ने बताया कि तस्करी के लिए ले जाया जा रहे कछुओं का सेक्स वर्धक दवाओं के लिए उपयोग होता है। इस सिंडिकेट में कई सफेदपोश लोगों का भी शामिल होने की जानकारी मिल रही है। उनके विरुद्ध भी जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल टीम का भी इस सफलता में बड़ा योगदान रहा है। कछुआ तस्करी में शामिल ट्रक के खिलाफ वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## दक्षिण बस्तर मुठभेड़ में 4 नक्सली मारे गये

जगदलपुर, 05 जनवरी। दक्षिण बस्तर के अबूझमाड़ में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया गया और साथ ही भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए गए। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में संयुक्त टीम ने तीन वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर किया है।

बता दें कि नक्सल विरोधी सर्च ऑपरेशन में 3 जनवरी 2025 को नायारणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की टीमें अबूझमाड़ में रवाना हुई थी। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच 4 जनवरी को शाम में मुठभेड़ शुरू हुई थी और इस दौरान दोनों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी का सिलसिला जारी रहा। हालांकि, इस दौरान सर्च टीम को भारी सफलता हासिल हुई और

- **सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किये।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# मोदी का दिल्ली पर फोकस, 12,200 करोड़ रूपए के उद्घाटन व शिलान्यास किये

## उन्होंने कहा, बुनियादी ढांचे पर सरकार का बजट दस साल में दो लाख करोड़ रूपए से 11 लाख करोड़ रूपए हो गया

नयी दिल्ली, 05 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें दिल्ली को पहली बार नमो भारत ट्रेन यात्रा सुविधा देने वाले रींजनल रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम (आर.आर.टी.एस.) के उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद और दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्टेशनों के बीच के नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन भी शामिल है। मोदी ने इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो फेज़-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन किया और फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला रखी, जिसकी लागत करीब 6,230 करोड़ रुपये होगी।

उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के लिये नये अत्याधुनिक भवन की 185 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला भी रखी।

मोदी ने इस अवसर पर कहा कि पिछले एक दशक में उनकी सरकार का प्राथमिक ध्यान बुनियादी ढ ांचे के विकास पर रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले बुनियादी ढ ांचे के लिए बजट लगभग दो लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़ कर 11 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आधुनिक कनेक्टिविटी पर जोर दे रही है, जिसमें खासकर शहरों के भीतर और एक शहर को दूसरे से जोड़ने पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढ ांचा परियोजनाएं देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे रही हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं।

- **प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद-दिल्ली के बीच नमो भारत कॉरिडोर, जनकपुरी-कृष्णा पार्क के बीच मेट्रो फेज़-4 और केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास किया।**

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में सवारी भी की। मोदी ने नमो भारत ट्रेन की यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह ट्रेन विकसित भारतीय शहरों में सार्वजनिक परिवहन के भविष्य को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि नमो भारत परियोजना पूरी हो जाने के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का मेट्रो नेटवर्क अब 1,000 किलोमीटर तक पहुंच गया है। पिछले दस वर्षों में भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है और उनकी सरकार के मौजूदा कार्यकाल के दौरान भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा।

दिल्ली मेट्रो के विस्तार और दो नए मार्गों के उद्घाटन और शिलान्यास का उल्लेख करते हुए मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि गुड़गांव के बाद अब हरियाणा का एक और हिस्सा मेट्रो नेटवर्क से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के सबसे बड़े खंडों में से एक होगा, जो दिल्ली और हरियाणा के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के बीच संपर्क को मजबूत करेगा और लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में दिल्ली-एनसीआर में कुल मेट्रो नेटवर्क 200 किलोमीटर से कम था और आज यह दोगुने से भी अधिक हो गया है। गरीब से गरीब व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराने पर सरकार के फोकस पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार आयुष और आयुर्वेद जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में आयुष प्रणाली का विस्तार 100 से अधिक देशों में हुआ है। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित पहला विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) संस्थान स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**केवल आत्मज्ञान ही हृदयात्मा को सच्चा आनंद प्रदान करता है। –रामतीर्थ**

# बीते वर्ष का हिंदी साहित्य परिदृश्य: कुछ नोट्स

एक परंपरा-सी बन गई है कि बीतते साल के आखिर में या आते साल के प्रारम्भ में उपलब्धियों और आकांक्षाओं का आकलन किया जाए। मेरा संबंध क्योंकि साहित्य से है, मुझे भी यह उचित लग रहा है कि बीते बरस में (और उससे थोड़ा पहले भी) हमारे हिंदी साहित्य का हाल-चाल कैसा रहा, इसकी पड़ताल करूं। अब जब मैं पीछे की तरफ मुड़ कर देखता हूं तो पाता हूं कि हिंदी में लिखा खूब जा रहा है। पहले से ज़्यादा लिखा जा रहा है। पहले से ज़्यादा मैं इसलिए कह रहा हूं कि हमारे यहां शिक्षा का प्रसार हुआ है और उसी के साथ सोशल मीडिया का उपयोग बढ़ने की वजह से अपने लिखे को औरों के सामने लाना, उस पर उनकी सराहना पाना और समाज में अपने लिए एक विशिष्टता अर्जित करना अधिक सुगम हुआ है। पहले जहां हमें अपने लिखे को दूसरों के सामने लाने के लिए किसी संपादक या प्रकाशक की सहमति की ज़रूरत होती थी, आज उस भूमिका में हम सब स्वत: आ गए हैं। इस कारण जो भी लिखा जा रहा है वह कम से कम सोशल मीडिया के माध्यम से तो सबके सामने आ ही रहा है, और जो लोग अपने इस लेखन कर्म को अधिक गंभीरता से लेते हैं वे बाकायदा लेखक के रूप में प्रतिष्ठित भी हुए हैं। आज हमारे आस-पासऐसे अनेक रचनाकार हैं जिन्होंने अपने लेखन की शुरुआत सोशल मीडिया से की और यहीं लिख-लिखकर वे न केवल अपनी पुस्तकें प्रकाशित करवा सके, उनके लिए एक बड़ा पाठक वर्ग भी तैयार कर सके।

जो लोग सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहना चाहते हैं आज उनके लिए भी अपने लिखे को प्रकाशित करवाने के अवसर बहुत बढ़े हैं। इधर कुछ बरसों से हमारे प्रकाशन जगत में एक नई रीत चल निकली है, जिसे मैं प्रकाशन की स्ववित्तपोषी योजना कहता हूं। आज ऐसे अनेक प्रतिष्ठान बाज़ार में आ गए हैं जो आपसे पैसा लेकर आपको किताब छापकर दे देते हैं। किताब की गुणवत्ता को परखने की उन्हें कोई ज़रूरत नहीं होती है, इसलिए पहले प्रकाशक नाम की जो बाधा किताब छपवाने में हुआ करती थी, अब वह भी हट गई है। फलत: प्रकाशित होने वाली किताबों की संख्या बहुत ज़्यादा बढ़ गई है। निश्चय ही इस कारण खूब सारा अपरिपक्व लेखन भी सामने आ रहा है, लेकिन फिलहाल मैं केवल संख्या की बात कर रहा हूं इसलिए इस चर्चा को बाद के लिए बचा कर रख रहा हूं।

लेखन की जहां तक बात है, हिंदी में कविताएं सबसे अधिक लिखी जाती हैं। कविता को लेकर अलग-अलग लोगों का अलग-अलग नज़रिया है। छंद और छंद विहीनता की बात छोड़ भी दें तो जहां बहुत सारे लोग सपाट बयानी को कविता मानने से इंकार करते हैं, वहीं अधिसंख्य नए रचनाकार गद्य की पंक्तियों को तोड़ तोड़कर लिख देने को ही कविता मान लेते हैं। उनमें से बहुत सारे अपने सोच और शिल्प को बदल कर गंभीर और बेहतर कवि भी बनते हैं, और बहुत सारे आत्म मुग्धता और सोशल मीडिया की लाइक्स से संतुष्ट रह कर उसी लीक पर चलते रहते हैं। वैसे ऐसा केवल कविता के मामले में ही नहीं अन्य बहुत सारी विधाओं के मामले में भी हो रहा है। अपनी देखी किसी घटना को कहानी का नाम दे देना या कुछ भी लिखे को व्यंग्य का नाम दे देना बहुत आम है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि हमारे उत्साही रचनाकारों ने कविता के बाद सर्वाधिक अन्याय व्यंग्य के साथ किया है। इधर गद्य की दुनिया में आजकल सर्वाधिक लेखन कथेतर में हो रहा है। इस बात पर बहुत सारी चर्चाएं भी हुई हैं कि आज का पाठक कथेतर पढ़ना और लेखक कथेतर लिखना क्यों पसंद करते हैं। सर्वाधिक रेखांकित करने योग्य नवाचार भी कथेतर में ही हो रहे हैं और बहुत सारे एकदम नए लेखक अपने लेखन की ताज़गी से इसी विधा को समृद्ध कर रहे हैं।

जब इतना सारा लिखा जा रहा है तो अपेक्षा यही होती है कि इस लिखे पर चर्चा भी हो रही होगी। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं है। नए लिखे जा रहे पर ज़्यादा से ज़्यादा लोकार्पण आयोजनों में थोड़ी बात होती है, हालांकि वह बात औपचारिक और अवसरानुरूप प्रशंसात्मक ही होती है। प्रकाशनों में पुस्तक समीक्षा की जगह सिकुड़ते-सिकुड़ते लगभग अदृश्य ही हो गई है और दूसरी बात यह भी कि अपने समीक्षाकर्म को गंभीरता से लेने वाले समीक्षकों की संख्या भी निरंतर घटती जा रही है।

**लेखकीय आयोजन के नाम पर या तो लोकार्पण समारोह होते हैं या फिर कवि गोष्ठियां। छोटे कस्बों और शहरों में तो आयोजन में सम्मानजनक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भी कवि गोष्ठी साथ में रखने की मज़बूरी होती है। अब बड़े शहरों में भी साहित्यिक आयोजन करना कठिन होता जा रहा है। वैचारिक रूप से समृद्ध करने वाले आयोजन बहुत ही कम होते हैं।**

समीक्षा की जगह पुस्तक परिचय या फरमाइशी प्रशंसाओं ने ले ली है। बहुत कम समीक्षाएं ऐसी दिखाई देती हैं जो अपने नाम को सार्थक करती हैं। इसका एक परिणाम यह भी हो रहा है कि लेखक को जो थोड़ा बहुत मार्ग दर्शन मिल सकता था, वह भी नहीं मिल रहा है।

लेखकीय आयोजन के नाम पर या तो लोकार्पण समारोह होते हैं या फिर कवि गोष्ठियां। छोटे कस्बों और शहरों में तो आयोजन में सम्मानजनक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भी कवि गोष्ठी साथ में रखने की मज़बूरी होती है। अब बड़े शहरों में भी साहित्यिक आयोजन करना कठिन होता जा रहा है। वैचारिक रूप से समृद्ध करने वाले आयोजन बहुत ही कम होते हैं। अधिकांश आयोजन उत्सव धर्मिता की परिणति होते हैं। इधर जबसे जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल व्यावसायिक रूप से सफल हुआ है, देश भर में लिटरेचर फेस्टिवल्स की लाइन लग गई है। हमारे अपने प्रदेश में भी अनेक लिटरेचर फेस्टिवल होते हैं और प्राय: वे सभी जेएलएफ के पैटर्न पर होते हैं। भले ही उनमें बहुत ज़्यादा सार्थक और गम्भीर विमर्श न होता हो, यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए कि इनकी वजह से एक बड़ा समूह साहित्य और विचार के संपर्क में आता है।

इधर हिंदी में सम्मान और पुरस्कारों की तो जैसे बाढ़ ही आ गई है। सम्मान तो ख़ैर अब इतना सरल और सस्ता हो गया है कि बिना हर्र फिटकरी के हो जाता है। ऑनलाइन सम्मान का तो कहना ही क्या! अगर ऑफलाइन भी हो तो दो चार सौ रुपये में किसी का भी सम्मान किया जा सकता है, कर दिया जाता है। एक मानपत्र, एक शॉल, एक नारियल और एक माला। और क्या चाहिए? पुरस्कारों का हाल यह है कि पचास लोगों से पंजीकरण राशि लेकर दस लोगों को पुरस्कृत करने वाली अनेक दुकानें खुल गई हैं जो बाकायदा विज्ञापन देकर पुरस्कार के लिए आवेदन मंगवाती हैं – और लोग आवेदन करके पुरस्कृत होते भी हैं। बेशक ऐसे भी अनेक पुरस्कार हैं जिन्होंने अभी भी अपनी साख बचा रखी है, लेकिन छद्म पुरस्कारों की भीड़ ने उनकी गरिमा को भी आहत किया है।

यों तो पहले भी साल के आखिर में वर्ष भर के लेखन का लेखा-जोखा अख़बारों वगैरह में होता था, इधर कुछ वर्षों से अलग-अलग संस्थान साल भर की दस-बीस बेहतरीन किताबों की सूची ज़ारी करने लगे हैं। वैसे तो यह बहुत अच्छी बात है लेकिन इन सूचियों को देखकर यह लगता है कि सारी अच्छी किताबें राजधानी के दो-चार प्रकाशकों के यहां से ही आ रही हैं। यथार्थ यह नहीं है। दूरस्थ शहरों और कस्बों के छोटे और लगभग अनाम प्रकाशकों के यहां से भी अच्छी किताबें आती हैं लेकिन बड़े प्रकाशनों में छपने वाले लेखक उनका नोटिस लेना भी ज़रूरी नहीं समझते। हो सकता है यह उनकी भी सीमा हो जो ये सूचियां बनाते हैं। लेकिन अगर अनुमानत: दो सौ प्रकाशकों के यहां से हर साल छपने वाली लगभग दो हज़ार किताबों में से दो-तीन प्रकाशन गृहों की बीसेक किताबें ही चर्चा में आती हैं तो कहीं न कहीं कोई गड़बड़ तो है, और इसे ठीक किया जाना ज़रूरी है। एक तरीका यह भी हो सकता है कि जो भी गंभीर पाठक हैं वे अपनी पढ़ी बेहतरीन किताबों की चर्चा किया करें ताकि सबका ध्यान उनकी तरफ जाए।

साहित्यकारो की दुनिया में विवाद न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। सोशल मीडिया के प्रसार वाले इस समय में विवाद की आग में दो चार लकड़ियां वे भी डाल देते हैं जिन्हें उस विवाद का एबीसीडी भी पता नहीं होता है। ज़्यादातर विवाद ऐसे होते हैं जिनके होने का कोई औचित्य नहीं होता। मैं तो मानता हूं कि ये विवाद हमारी नीरस ज़िंदगी को थोड़ा रोचक और रोमांचक बना देते हैं, इससे ज़्यादा कुछ नहीं।

लेखन की बात करते हुए इस बात की चर्चा करना बहुत ज़रूरी है कि भारत सरकार ने हाल में बुक पोस्ट की रियायती व्यवस्था को ख़त्म करके पुस्तकों-पत्रिकाओं के प्रेषण पर बहुत कठोर आघात किया है। जब साठ-सत्तर रुपये में भेजी जाने वाली सामग्री के लिए दो सौ सोलह रुपये खर्च करने पड़ेंगे तो कल्पना की जा सकती है कि हमारे प्रकाशन जगत पर और साहित्यानुरागी पाठकों पर इसका क्या और कैसा प्रभाव पड़ेगा। सरकार का अकेला यह कदम हमारे पढ़ने-लिखने को बहुत गहरा आघात पहुंचाएगा।

जहां तक राजस्थान की बात है, यहां सरकार बदलने के कारण पिछली सरकार द्वारा गठित विभिन्न भाषाओं की अकादमियां अब मृत प्राय: है। जो थोड़े बहुत पुरस्कार व अनुदान-सहायता लेखकों को मिलते थे वे सब बंद हैं। नई सरकार की प्राथमिकता में अभी अकादमियों के अध्यक्ष बनाने का काम नहीं है। वैसे भी रणनीति की दृष्टि से सरकारों को यही सुरक्षित लगता है कि बर्र के इस छत्ते में जाते-जाते ही हाथ डाला जाए। सो अभी अकादमियां केवल नाम भर को हैं। सेहत साहित्यिक संस्थाओं की भी बहुत अच्छी नहीं है। इसलिए जो हो रहा है वह लेखकों के व्यक्तिगत प्रयासों से ही हो रहा है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# जीनोटाइप, फिनोटाइप और जीवन



**डॉ. रामावतार शर्मा**

आनुवांशिकता एक जटिल विषय है और इसका आधार जीन स्वयं में एक जटिल संरचना होती है जो कि डीएनए नामक एक अतिसूक्ष्म प्रोटीन यौगिक में निर्मित होती है। जीन को हिंदी में वंशाणु, पित्राणु या जनुक कहा जाता है। यह डीएनए का एक हिस्सा होती है जिसके द्वारा माता-पिता के कई गुण या उनका कोई युगल उनकी संतानों में भेजा जाता है। सामान्य उदाहरणों के रूप में बालों का रंग, आंखों की बनावट या रंग, हाथ पैरों की बनावट या आकार और कई तरह के रोगों की संभावनाएं आदि सामान्य तौर पर देखी जाती हैं। जीन आनुवांशिकता की आधारभूत (बुनियादी) इकाई होती है जिसमें शरीर द्वारा प्रोटीन की संरचना संबंधित सूचनाएं अंकित होती हैं और इन्हीं सूचनाओं के आधार पर शरीर कार्य करता है। हमारे शरीर में धागेनुमा दो सूक्ष्मदर्शी संरचनाएं होती आपस में लिपटी हुई होती हैं जिन्हें क्रोमोसोम कहा जाता है। जीन इन्हीं क्रोमोसोम्स में हर एक कोशिका के केंद्रक (न्यूक्लियस) में स्थापित होती हैं। मनुष्य के शरीर की कोशिका में 46 क्रोमोसोम 23 क्रोमोसोम युगल के रूप में होते हैं जिनमें 22 युगल तो एक समान होते है परंतु 23वां जोड़ा लैंगिक जोड़ा होता है जिसके द्वारा जीव के नर या मादा के रूप में प्रकट होने की क्रिया निर्धारित होती है। यह क्रोमोसोम युगल से मादा तथा युगल से नर के शरीर का निर्माण होता है जिसमें क्रोमोसोम माता से और या क्रोमोसोम पिता से आता है। इस संदर्भ में स्पष्ट देखा जा सकता है कि संतान के बेटा या बेटी होना पिता के माध्यम से आए क्रोमोसोम पर निर्भर करता है हालांकि पुत्र को जन्म न देने के लिए सदैव माता को ही आरोपित एवं प्रताड़ित किया जाता है। प्राकृतिक विकास श्रृंखला के तहत जीन समूह इस तरह विकसित हुआ है जिसमें वंश बढ़ाने की उम्र तक यानि जन्म से लेकर कोई 35 वर्ष की उम्र तक एक सक्रिय मनुष्य किसी जानलेवा दीर्घकालिक बीमारी का शिकार साधारणतया नहीं होता है। यही कारण है कि इस प्राकृतिक प्रक्रिया में वे जीन जो हृदय रोग, एथेरोस्क्लेरोसिस, अल्जाइमर रोग, डायबिटीज तथा कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार हो सकती हैं वे मनुष्य शरीर से हटी नहीं है और प्रजनन काल के बाद की उम्र में ये रोग शरीर में विकसित हो सकते हैं। कुछ जीन ऐसी होती है जो कुछ लोगों को शतायु तक ले जाती हैं जिन्हें दीर्घायु जीनोटाइप कहा जाता है परंतु ऐसे लोग बहुत कम होते हैं। इसके विकल्प में हमारे पास फिनोटाइप है जिसमें हम अपनी जीवनशैली द्वारा वह बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं जो इन चंद लोगों को जीनोटाइप द्वारा प्राप्त हुआ है। याद रखिए, प्रकृति के नियमों के अनुसार मां बाप बनने की उम्र के बाद आपको अपना जीवन स्वयं ही संभालना होता है। एक विशिष्ट जीन होती है जिसे आपो ई कहा जाता है। इसके तीन रूप और होते हैं जिनको ई2, ई3 और ई4 कहा जाता है। आपो ई का मुख्य कार्य कोलेस्ट्रॉल के लिवर में निर्माण और फिर कोशिकाओं तक परिवहन होता है। आपो ई ज्यादातर लोगों में ई3/ई3 का युगल होता है। अब यदि किसी व्यक्ति के जीन युगल में एक या फिर दोनों ई4 घटक हों तो इस व्यक्ति में अल्जाइमर रोग होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। इसके विपरीत यदि ई2/ ई2 घटक हों तो डिमेंशिया (मनोभ्रंश) की संभावनाएं नगण्य-सी हो जाती हैं और दीर्घायु होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। दूसरी तरफ ई4 की दोनों प्रतिलिपि होने पर व्यक्ति के अल्पायु होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा दो अन्य जीन भी होती हैं जिनके धारक हृदय रोग से प्रभावित नहीं होते हैं। परंतु ऐसा नहीं है कि हमारी उम्र सिर्फ जीनोटाइप ही निर्धारित करते हों। हमारे पास जीवनशैली के रूप में एक बड़ा विकल्प है जिसके द्वारा हम जीन की अभिव्यक्ति को बदल सकते हैं और अधिकतर अवसरों में सफलतापूर्वक सामान्य और दीर्घकालिक जीवन जी सकते हैं। इस क्रिया को फीनोटाइप कहा जाता है जिसमें जीन कैसे कार्य करे इस बात का निर्णय लिया जाता है। फोक्सो 3 नामक एक सर्वव्यापी जीन होती है जिसके द्वारा किसी अन्य जीन की अभिव्यक्ति को मुखर या मंद किया जा सकता। जीवनशैली द्वारा फोक्सो 3 को सक्रिय करने पर यह शरीर की अन्य जीन्स को पुनर्निर्माण, मरम्मत, कोशिकाओं की साफ सफाई और उन्हें स्वस्थ रखने के कार्यों के प्रति उत्साहित करती है। इसके अलावा यह कैंसर के विकास को भी रोकती है। जीवन में शरीर और विचार दोनों में लचीलापन रखिए। गतिमान रहिए। मांसपेशियों की शक्ति को बनाए रखने के लिए हल्का व्यायाम कीजिए। पैदल चलिए। भोजन मुख्यतया वनस्पति आधारित, सी वीड या मछली के कुछ उपयोग वाला होना चाहिए। कुछ न कुछ अंकुरित या फिर माइक्रोग्रीन का सप्ताह में दो तीन दिन उपयोग कीजिए। हरे पत्तों का साग और मानसिक उत्तेजना से बचाव जैसे सामान्य उपाय बड़ा लाभ प्रदान करते हैं। सूर्योदय और सूर्यास्त के साथ भोजन को जोड़ना और रोजाना 7-8 घंटे की नींद फोक्सो 3 को क्रियाशील करने में सहायक होती है। अंत में, जीवन आपका है इसलिए इसे कैसे और कितना जीना है इसका निर्णय भी आप को ही करना है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

## वन प्राणी ने किया बकरी का शिकार

**बौंली-बामनवास।** क्षेत्र के लाखनपुर ग्राम पंचायत गांव में रविवार को प्रात: 11 बजे दिन दहाड़े ही एक वन प्राणी ने बकरी का शिकार करके मौत के घाट उतार दिया। इस दिनदहाड़े बकरी के शिकार करने को लेकर ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया एवं वन प्राणी को आबादी क्षेत्र से दूर भेजने के लिए वन विभाग को सूचित किया। लाखनपुर के ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को 11 बजे दिनदहाड़े ही पैंथर ने गांव के पास ही हनुमान माली की बकरी का शिकार करके फाड़ दिया जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई। वे अपने जानवरों की सूरक्षा के इतंजाम करने लगे। सूचना पाकर बौंली रेंज वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची एवं मौके पर जांच करके वन प्राणी को लकड़बग्घे (जरख) के पगमार्क पाए जाने की पुष्टि की एवं बताया कि शिकार करने वाला वन प्राणी पैंथर नहीं लकड़बग्घा (जरख) था। लाखनपुर गांव अरावली पर्वत श्रृंखला वन क्षेत्र के नजदीकी बसा होने के कारण अक्सर वहां वन्य जीव आसपास आते जाते रहते हैं।

# 29 ट्रेनें 60 दिनों तक सूरत की जगह उधना स्टेशन पर करेगी ठहराव

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल से चलने व गुजरने वाली करीब 28 ट्रेनें अगले 60 दिनों तक सूरत रेलवे स्टेशन पर ठहराव नही करेगी। सूरत रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के तहत एयर कॉनकोर्स के निर्माण हेतु लिए जा रहे ब्लॉक के कारण इन ट्रेनों का सूरत की जगह उधना रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया गया है।जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह के अनुसार सूरत स्टेशन से होकर गुजरने वाली यह ट्रेनें 7 जनवरी से 8 मार्च तक सूरत की बजाय उधना स्टेशन पर ठहराव करेगी।

सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए यात्री उधना स्टेशन पर इन ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान का समय नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) अथवा रेलवे वेब साइट पर देख सकते हैं।

ट्रेनें जो सूरत की जगह उधना स्टेशन पर करेगी ठहराव : ट्रेन 14707,लालगढ़-दादर रणकपुर एक्सप्रेस 7 जनवरी से 3 मार्च,ट्रेन 20944,भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक 10 जनवरी से 7 मार्च,ट्रेन 20966,भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट 11 जनवरी से 1 मार्च,ट्रेन 19056,जोधपुर-वलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस 8 जनवरी 5 मार्च तथा ट्रेन 22473, बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट 13 जनवरी से 3 मार्च तक सूरत की जगह उधना स्टेशन पर ठहराव करेगी।

इसी तरह ट्रेन 16588,बीकानेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस 7 जनवरी से 4 मार्च,ट्रेन 14806, बाड़मेर-यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 9 जनवरी से 6 मार्च,ट्रेन 19028, जम्मूतवी- बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस 13 जनवरी से 3 मार्च, ट्रेन 21902, बाड़मेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 11 जनवरी से 1 मार्च व ट्रेन 22932, जैसलमेर बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 11 जनवरी से 1 मार्च तक सूरत की जगह उधना स्टेशन पर ठहराव करेगी।

**■ किसी भी असुविधा से बचने के लिए यात्री उधना स्टेशन पर इन ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान का समय नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) अथवा रेलवे वेब साइट पर देख सकते हैं।**

पुनर्विकास कार्य के कारण ट्रेन 22916, हिसार-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 7 जनवरी से 4 मार्च,ट्रेन 12998, बाड़मेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 9 जनवरी से 6 मार्च,ट्रेन 22664, जोधपुर-चैन्नई एग्मोर साप्ताहिक एक्सप्रेस 14 जनवरी से 4 मार्च,ट्रेन 22738, हिसार-सिकंदराबाद द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस 10 जनवरी से 7 मार्च तथा ट्रेन 22724, श्री गंगानगर- नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस 11 जनवरी से 1 मार्च तक सूरत की जगह उधना स्टेशन पर रुकेगी।

इसी प्रकार ट्रेन 07054, लालगढ़-काचीगुड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस 7 जनवरी से 4 मार्च,ट्रेन 14807, जोधपुर-दादर त्रि साप्ताहिक एक्सप्रेस 10 जनवरी से 7 मार्च,ट्रेन 16507, जोधपुर बेंगलुरु द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस 9 जनवरी से 6 मार्च,ट्रेन 16533, जोधपुर- बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस 8 जनवरी से 5 मार्च,ट्रेन 20943, बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 9 जनवरी से 6 मार्च,ट्रेन 12997, बांद्रा टर्मिनस-बाड़मेर साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 8 जनवरी से 5 मार्च, ट्रेन 14808, दादर-जोधपुर त्रि साप्ताहिक एक्सप्रेस 8 जनवरी से 8 मार्च,ट्रेन 16587,यशवंतपुर-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस 10 जनवरी से 2 मार्च व ट्रेन 14708, दादर-लालगढ़ रणकपुर एक्सप्रेस 8 जनवरी से 8 मार्च तक सूरत की जगह उधना स्टेशन पर रुकेगी।

# भरतपुर के आरबीएम अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीज को संक्रमण से बचाने के लिए परिजनों को खुद लाना पड़ा क्रेडल

**भरतपुर,** (निस)। मैन पावर की कमी से जूझ रहे आरबीएम अस्पताल में आए दिन मरीज के परिजनों को ही अपने मरीज की चिकित्सा सुविधा के लिए अपना सहयोग देना पड़ जाता है। ऐसा ही नजारा उस वक्त देखने को मिला जब आग से गंभीर रूप से झुलसने पर एक महिला को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां आईसीयू वार्ड में बर्न मरीज के लिए क्रेडल ना होने पर आईसीयू वार्ड के स्टाफ ने मरीज को देखने आए लोगों को ही दूसरी बिल्डिंग में छठवी मंजिला पर क्रेडल लाने के लिए भेज दिया। हालांकि क्रेडल लाना भी मरीजों के परिजनों के लिए आसान साबित नहीं रहा।

आरबीएम अस्पताल के ए ब्लॉक के आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीज के लिए परिजनों को अस्पताल के दूसरे ब्लॉक में बनी छठी मंजिल के बर्न वार्ड में जाना पडा जहां लोहे के जाल जिसे क्रेडल कहा जाता है। उसे अपने कंधों पर रखकर छठी मंजिल से नीचे आकर वापस ए ब्लॉक की मंजिल पर लाना पडा। जबकि या तो आरबीएम अस्पताल के आईसीयू वार्ड में बर्न मरीजों को क्रेडल की व्यवस्थाएं रखनी थी या फिर अस्पताल के स्टाफ को परिजनों के साथ भेजना चाहिए था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नदिया मौहल्ला निवासी मीरा शर्मा अपने घर में कडाके की सर्दी से बचाव के लिए लकडियों में आग लगा कर सेक रही



**सीआईसीयू में क्रेडल ना होने पर मरीज के परिजनों को दूसरी बिल्डिंग में छठवी मंजिला से उतारकर पहली बिल्डिंग के वार्ड में लाना पड़ा क्रेडल।**

**■ अस्पताल में मैन पावर व मशीन पावर की कमी के चलते आए दिन मरीज के परिजन अपने मरीज को कंधों, व्हील चेयर, ट्रॉली पर खुद ले जाते अक्सर दिखाई देते हैं।**

थी। जहां असंतुलित होकर वह जलती लडकियों में गिर गई। जिसमें महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

जिसे परिजनों ने पडौसियों की सहायता से इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां महिला की गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने उसे आरबीएम अस्पताल के ए ब्लॉक में बने सीआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां बर्न मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए आवश्यक क्रेडल नहीं होने पर स्टाफ ने मीरा शर्मा के साथ आए परिजन व उसके पडौसियों को दूसरे ब्लॉक की छठवीं मंजिल पर क्रेडल लाने के लिए भेज दिया। जिस पर मरीज के परिजन अपने कंधों पर रखकर क्रेडल को छठवी मंजिला से उतारकर वापस ए ब्लॉक में लेकर आए। हालांकि मरीज के परिजनों ने इसे लेकर कोई शिकायत नहीं की और खुशी खुशी कंधे पर लटकाकर क्रेडल लेकर पंहुचे। अस्पताल में मैन पावर व मशीन पावर की कमी के चलते आए दिन मरीज के परिजन अपने मरीज को कंधों, व्हील चेयर, ट्रॉली पर खुद ले जाते अक्सर दिखाई देते हैं।

## कदम से कदम मिले स्वयं सेवकों के


**मकराना,** (निस)। डीडवाना कुचामन जिले के ग्राम पंचायत जूसरी ग्राम में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर पथ संचलन निकाला गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको ने कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन निकाला।

इस दौरान रास्ते में जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया । पथ संचलन ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा जिसमें युवा, बुजुर्ग, बच्चों सहित हर उम्र के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। संचलन में शामिल स्वयंसेवक कतारबद्ध होकर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे जिनके आगे घोषवादन हो रहा था । कार्यक्रम में संघ के मुख्य वक्ता रुद्र कुमार जी ने बौद्धिक विकास व सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत देश का इतिहास बडा गौरवमय रहा तथा समाज में जागरूकता का संचार हो रहा है, यह पथ संचलन हिंदू समाज में आत्मविश्वास व जागरूकता को बढ़ाने का प्रतीक है।

मुख्य वक्ता ने जीजाबाई के जयंती पर उनके बारे में बताया तथा सभी मातृ शक्ति जीजाबाई के जीवन से कुछ सीखे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री रघुवरदास महाराज श्री 108 श्री बनवारीशरण दास महाराज रहे।

कार्यक्रम में माननीय खंड संघ चालक महावीर जी उपस्थित रहे। संचलन के स्वागत के लिए ग्रामवासियों ने फूलों की वर्षा तथा रंगोलिया बनाई गई और पथ संचलन के मार्ग पर स्वागत द्वार भी बनाए गए।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 6 जनवरी, 2025**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र सायं 7:06 तक, परिघ योग रात्रि 77:05 तक, वणिज करण सायं 6:24 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मीन, मंगल-कर्क, बुध-धनु, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा सायं 6:24 से आरम्भ होगा। आज गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:39 तक, शुभ 9:57 से 11:15 तक, चर 1:50 से 3:08 तक, लाभ-अमृत 3:08 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:45

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों मेंउचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**कुंभ**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मीन**
मानसिक तनाव दूर होगा। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

सार-समाचार

## कार्यकारिणी का विस्तार



**उदयपुर, (कासं)।** औदुम्बर महासभा, उदयपुर के कार्यकारिणी विस्तार तथा स्नेह भोज कार्यक्रम निंबार्क शिक्षण महाविद्यालय में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिर्थी के. के. शर्मा, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी नारायण तथा मगन जोशी रहे। के. के. शर्मा ने नई कार्य कारिणी को शपथ दिलाई। भूतपूर्व सरक्षक तथा भूतपूर्व अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी। अध्यक्ष भेरुशंकर दुबे ने सभी समाज जनो के सहयोग से कार्य करने की बात कही। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन शरद चंद्र परसाई और किट्टी द्विवेदी ने किया। नई कार्यकारिणी के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा, उपाध्यक्ष पूनम शर्मा, सचिव दीपक दुबे, सहायक सचिव पुष्पकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष जगदीश द्विवेदी, संगठन मंत्री दिनेश दुबे, शम्भू लाल द्विवेदी, योगिता परसाई मिडिया प्रभारी शरद चंद्र परसाई सांस्कृतिक मंत्री किट्टी द्विवेदी खेल मंत्री अक्षय शर्मा, भण्डारण मंत्री सत्यनारायण शर्मा रहे। सुरभी शर्मा, लक्षिता, प्रकृति, आकृति, शौर्य, शरद चंद्र परसाई तथा मीमांसा परसाई ने अपनी प्रस्तुतिया दी।

## साइबर क्राइम को लेकर बैठक

**कपासन, (निसं)।** साइबर क्राइम से बचना है तो अनजान लिंक को क्लिक ना करे, ईनाम मिलने, लॉटरी खुलने जैसे कॉल ओर मैसेज के झांसे में ना आए व सोशल मीडिया का प्रयोग सोच समझकर करें। फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें। उक्त विचार कपासन डीएसपी हरजी लाल यादव ने साइबर क्राइम को लेकर सुरक्षा सखी, सीएलजी ओर पुलिस मित्र की बैठक में रविवार को डीएसपी कार्यालय कपासन परिसर में आयोजित बैठक में व्यक्त किया। इस अवसर पर विस्तार से जानकारी देते हुए डीएसपी यादव ने बताया साइबर क्राइम से साइबर क्राइम कंप्यूटर, नेटवर्क, या मोबाइल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके किए जाने वाले अपराध हैं। जिसमें डिजिटल अरेस्ट, ऑन लाइन ट्रेंडिंग में फ्रॉड, हनी ट्रैपिंग, लॉटरी या इनाम खुलना जैसे कॉल ओर मैसेज आदि से फोर्ड हो रहा हैं। आप इसके लिए सावधानियां बरत कर इन से बच सकते हैं। साथ ही फ्रॉड होने पर तुरंत ही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर उसी फोन नंबर से कॉल करें जो आपके यूपीआई आईडी या बैंक खाते से जुड़ा है। सासाइबर क्राइम से बचने के तरीके भी विस्तार डीएसपी हरजीलाल यादव ने बताया कि अनजान फोन को रिसीव ना करे, सोशल मीडिया पर आए अनजान लिंक को क्लिक ना करें, एपीके फाइल को डाउनलोड ना करें, ओटीपी ओर निजी जानकारियां नहीं दे। किसी भी प्रकार के प्रभोलन में ना आए। साथ ही उपस्थित सदस्यों को इस सभी जानकारियों से आमजन को बताने ओर सतर्क करने की अपील की। इस अवसर पर शिव दयाल उपाध्याय, अख्तर अली, मुख्तियार,अशफाक तुरकिया, शबीर अली शराफत, रोहित सिंह राजपूत, सतीश ऩदवाना , दिलीप बारेगामा , प्रकाश सोनी, भूपेश , मनोज चाष्टा, , छोटू वैष्णव, राजीविका से रणजीत सेन, प्रियंका कंवर, आशा धाकड, नीलम चारण, सीमा नायक, मंजू कंवर सहित आदि मौजूद रहीं।

## शिविर में 84 यूनिट रक्तदान

**कपासन, (निसं)।** आचार्य तुलसी बहुउद्देशीय फाउंडेशन चित्तौड़गढ़ दिशा निर्देशन में सिंहपुर में शहीदों के बलिदान एवं पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लोक कल्याणकारी फाउंडेशन एटीबीएफ के मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र गर्ग सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य तुलसी बहुउद्देशीय फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ढिलीवाल के संयोजन में संस्था द्वारा विविध लोक कल्याणकारी कार्य किए जाते हैं जिसके अंतर्गत जरूरतमंद आम व्यक्ति को समस्त प्रकार की सर्जिकल सुविधाएं प्रदान की जाती है खुशियों का शोरूम नेकी की दीवार में समस्त जरूरतमंद घरेलू सामठी उपलब्ध कराई जाती है बुक बैंक के अंतर्गत प्रथम वर्ष से ऊपर के समस्त प्रकार की पाठ्यक्रम जरूरतमंदों तक पहुंचाये जाते हैं थैलेसीमिया जागरूकता व देहदान संकल्प कराए जाते हैं निराश्रित थैलेसीमिया डायलिसिस एक्सीडेंट कैस मे एवं जीवनदाई केस में प्राथमिकता से रक्त उपलब्ध कराया जाता है इसी क्रम में रविवार 5 जनवरी को सिंहपुर के विद्यालय परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 84 यूनिट रक्तदान हुआ संस्था के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार भूतड़ा ने बताया कि हमारी संस्था पीड़ित मानव सेवा का लक्ष्य लेकर सदा अठाणी रहती है क्योंकि इस पावन अभियान से इंसान में मानवता जिंदा रहती है! संस्थापक सुनील ढिलीवाल ने बताया कि लोगों के दिलों में रक्त के रूप में रग रग में रहने का रक्तदान ही सर्वोच्च विकल्प है इस अवसर पर पुलिस उप अधीक्षक हरजीलाल शिविर में उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मान किया।

## ठेला फुटपाथ व्यवसाइयों का प्रदर्शन कल

**उदयपुर, (कासं)।** ठेला फुटपाथ व्यवसाइयो की बेदखली के खिलाफ और पथ विक्रेता कानून, 2014 लागू करने की मांग को लेकर ठेला व्यवसाय मजदूर यूनियन की ओर से 7 जनवरी को नगर निगम पर प्रदर्शन कर वहां से जिला कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल जिला कलेक्ट्री पर अनिश्चितकालीन पडाव डाला जाएगा। सचिव मोहम्मद शाहिद ने बताया कि रविवार को यूनियन कार्यालय में यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद निजाम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के नाम पर लगातार ठेला फुटपाथ व्यवसायी को बेदखल करने, उनका ठेला सामान जप्त करने व सामान छुडाने के लिए हजारों रुपए जुर्माना लगाने का विरोध कर इसे नगर निगम, उदयपुर की तानाशाही बताया। कमेटी सदस्य धर्मेंद्र कुमावत ने कहा कि उन्होंने 23 दिसंबर को टाउन वेंडिंग कमेटी की हुई बैठक में ठेला फुटपाथ व्यवसायी को अतिक्रमण और जो वेंडिंग जोन के नाम पर बेदखल नहीं करने, ठेला सामान जप्त नहीं करने का प्रस्ताव रखने के साथ बिना वेंडिंग जोन बनाएं किसी भी ठेला फुटपाथ व्यवसाईयों को शिफ्टिंग के नाम पर बेदखल नहीं करने की मांग की और वेंडिंग प्लान में मात्र 2500 पथ विक्रेताओं को शामिल कर उस प्लान का अनुमोदन नहीं कर नया व्यावहारिक प्लान बनाने की मांग करते हुए पुनःसर्वे करने की मांग की लेकिन 2 जनवरी को जारी प्रोसेसिंग में इसका जिक्र भी नहीं किय। यूनियन के अध्यक्ष गुमान सिंह राव ने कहा कि नगर निगम के आयुक्त कानून को नहीं मानते हैं। यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद निजाम ने कहा कि यूनियन के कार्यकर्ता 7 जनवरी के प्रदर्शन और पडाव को सफल बनाने के लिए उदयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मीटिंग कर पर्चे बाँट आंदोलन को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं।

## खिलाड़ियों व खेल संघों में उत्साह


**उदयपुर, (कासं)।** जिला ओलम्पिक संघ उदयपुर के अध्यक्ष विनोद साहू एवं सचिव जालमचंद जैन ने बताया कि भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा तेजस्वी सिंह गहलोत गुट को राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ का अधिकृत संघ घोषित करने के बाद राज्य में खिलाडियों एवं खेल संघो में एक नया उत्साह का संचार हुआ है। साहू ने बताया कि रामावतार जाखड ने गत वर्ष समानांतर राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ बनाकर अपने आप को राज्य ओलम्पिक संघ का तथाकथित सचिव घोषित कर दिया। जबकि राजस्थान के नाम मात्र के खेल संघ भी उनके साथ नहीं है। उन्होंने जिला स्तर पर भी समानांतर ओलम्पिक संघ का गठन कर खेल एवं खिलाडियों का बांटने का प्रयास किया। जो लोग रामावतार जाखड गुट से जुडे है वो गहलोत गुट को मान्यता मिलने के बाद बौखला कर अनगर्ल बयानबाजी कर रहे है। साहू ने बताया कि तेजस्वी सिंह गहलोत गुट के साथ राजस्थान राज्य क्रीडा से मान्यता प्राप्त लगभग सभी खेल संघ जुडे हुए हैं। तेजस्वी सिंह गुट द्वारा विधिवत एवं पारदर्शिता से निर्विरोध रूप से राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ के चुनाव कराए गए थे, जिसमें भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के पर्यवेक्षक भी उपस्थित थे। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद ने पहले ही तेजस्वी सिंह गहलोत गुट को राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ के रूप में मान्यता प्रदान कर रखी ह। कुछ लोग बेवजह प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने आप को ओलंपिक संघ का अध्यक्ष बता रहे हैं जो गलत एवं अवैध है। साहू एवं जालम चंद जैन ने कहा कि अगर अवैध जिला संघ ने ,आगे भी समानांतर कार्यकारिणी चलाई या जिला ओलंपिक संघ उदयपुर के नाम का दुरूपयोग किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सोनोग्राफी रिपोर्ट स्पष्ट नहीं होने और गुमराह करने का आरोप

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर 100 फीट रोड स्थित एक लैब में गर्भवती महिला के साथ लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। महिला और उसके परिजनों ने आरोप लगाया कि लैब ने छह महीने तक सोनोग्राफी रिपोर्ट में गर्भ की स्थिति को स्पष्ट नहीं किया और गुमराह किया।

इस मामले में पीडित गर्भवती महिला कोमल राठौड के पति जयसिंह राठौड ने बताया कि उनकी पत्नी 3 महीने की गर्भवती होने से ही सोनोग्राफी लेब पर अपना इलाज करवा रही थी। 9

- 6 महीने तक लैब संचालकों ने रिपोर्ट में महिला को नहीं बताई मेडिकल कॉम्प्लिकेशंस
- गर्भवती महिला और परिजनों ने हंगामा किया हंगामा



सोनोग्राफी लैब पर हुए हंगामे के बाद मौके पर जमा भीड़।

महीने गर्भवती होने तक लैब की रिपोर्ट में बताया कि उनका बच्चा स्वस्थ है, लेकिन जब उन्होंने दूसरी जगह अन्य लैब में जांच कराई तो पता चला कि उनके गर्भ में पल रहे शिशु की स्थिति गंभीर है। डॉक्टर्स ने महिला की जान को खतरा बताते हुए तुरंत अबॉर्शन की सलाह दी। यह जानकर रविवार सुबह परिजनों ने लैब पर पहुंच कर हंगामा किया। लैब संचालकों ने गलती को मशीन में गडबडी का कारण बताकर अपना बचाव किया, लेकिन इस लापरवाही ने जच्चा-बच्चा दोनों की जान को खतरे में डाल दिया। यह घटना मेडिकल लापरवाही का गंभीर उदाहरण है, जो जिले में चल रहे अवैध लैब के कारोबार को उजागर करता है। सूचना मिलने पर उप चिकित्सा अधिकारी राजकुमार खोलिया सहित पुलिस और चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लैब को सील कर दिया। पीडित परिवार ने थाने में लैब संचालकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उप चिकित्सा अधिकारी राजकुमार खोलिया ने जांच के बाद उचित कार्रवाई की बात कही है। इस दौरान महेंद्रसिंह चौहान, नर्बदा शंकर पालीवाल, पार्षद आशीष पालीवाल सहित बडी संख्या में शहरवासी मौजूद थे। वही कानून व्यवस्था को लेकर राजनगर थाने से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। सोनोग्राफी सेंटर द्वारा गलत रिपोर्ट की शिकायत पर विभाग ने की कार्यवाही।

राजनगर निवासी गर्भवती महिला द्वारा शहर के 100 फीट रोड स्थित संचालित लेब के विरूद्ध सोनोग्राफी रिपोर्ट गलत देने की शिकायत पर सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने त्वरीत कार्यवाही करते हुए 7 सदस्यी कमेटी का गठन किया तथा आगामी 7 दिवस में रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला द्वारा लिखित में शिकायत प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि 9 माह के गर्भकाल के दौरान तीन बार शहर में 100 फीट रोड स्थित रेडॉन इमेजिंग सेंटर एण्ड लैब पर सोनोग्राफी करवाई, जिसमें सभी रिपोर्ट सही बताई गई। लेकिन अन्य सोनोग्राफी सेंटर पर सोनोग्राफी करवाने पर असामान्य रिपोर्ट बताई गई। जिसको लेकर सम्बन्धित लेब के विरूद्ध कार्यवाही करने की अपील की गई। मामले की गम्भीरता के मध्येनजर सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने तुरंत स्थानीय खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार खोलिया को मौके पर भेजकर नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

# होटल-रेस्टोरेंट के लाइसेंस रिन्यू कराने के नियम से व्यवसायी परेशान

**उदयपुर, (कासं)** उदयपुर नगर निगम ने होटल-रेस्टोरेंट के लाइसेंस रिन्यू कराने के नियम सख्त कर दिए हैं। स्थिति यह है कि इस काम के लिए जितने दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, उनकी तुलना में नया लाइसेंस लेना ज्यादा आसान है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम पैराफेरी में करीब 350 होटल, होम स्टे, रिसॉर्ट हैं,जबकि जिलेभर में 811 होटल हैं।लाइसेंस रिन्यू कराने के सख्त नियम को ले कर निगम का दावा है कि नए नियमों के बाद सभी होटल्स का वेरिफिकेशन होगा और रेवेन्यू में बढोतरी होगी।

दूसरी ओर, होटल व्यवसायियों का कहना है कि लाइसेंस रिन्यू करवाने के लिए प्रदेशभर में केवल उदयपुर में ही ऐसे नियम लागू किए गए हैं, जबकि अन्य निकायों में इतने दस्तावेज नहीं मांगे जा रहे हैं। इनका दावा है कि कडे नियमों के कारण कोई लाइसेंस रिन्यू ही नहीं करवा पा रहा है। आपको बतादे कि नगर निगम ने गत 4 दिसंबर को लाइसेंस रिन्यू कराने के आदेश निकाले थे। इसके तहत 31 दिसंबर होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय, किराना, ठेला, डेयरी, बेकरी, मिठाई, पान,खाद्यान्न एवं अन्य पदार्थों की बिक्री की दुकानों के संचालकों को यह काम कराना था।

इसके बाद एक जनवरी से रोज 10 रुपए पेनल्टी भी प्रस्तावित की थी।अभी निगम के अफसर यह भी नहीं बता पा रहे हैं कि कितने रिन्यू कराने पहुंचे। उनका कहना है कि अभी फॉर्म जमा किए जा रहे हैं। इनकी जांच के बाद ही बता पाएंगे। निगम 5 स्टार डीलक्स होटल के लाइसेंस के लिए एक लाख, 5 स्टार के 75 हजार,4 स्टार के 25 हजार रुपए सालाना शुल्क लेता है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा के अनुसार लाइसेंस के लिए नए नियम व शर्तें लगाने से प्रक्रिया पारदर्शी हुई है। किराणा स्टोर सहित अन्य छोटे व्यापारियों को राहत दी गई है, जबकि होटलों की निगरानी के लिए नियम सख्त रखे हैं। कई होटलों तक जाने का रास्ता नहीं होने के बाद भी संचालन किया जा रहा है। कई लोग आवासीय पट्टे पर वाणिज्यिक गतिविधियां कर रहे हैं। इससे अवैध गतिविधियां थमेंगी, रेवेन्यू बढेगा।

इधर चैंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के उपाध्यक्ष सुखलाल साहू के अनुसार प्रदेश में लाइसेंस रिन्यू करने के लिए इतने डॉक्यूमेंट मांगने का कोई नियम नहीं है। उदयपुर नगर निगम नए नियम लागू कर रहा है। कलेक्टर को इस समस्या के बारे में बता चुके हैं। छोटे व्यापारियों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।वही होटल संस्थान दक्षिणी राजस्थान के सचिव राकेश चौधरी के अनुसार लाइसेंस रिन्यू के लिए किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं होती है। राजधानी जयपुर में भी इस तरह के कोई नियम नहीं है।

## 10 गिरफ्तार, दो बाल अपचारी डिटेन

**डूंगरपुर, (निसं)।** साइबर अपराधियों की धरपकड एवं रोकथाम के लिए जिला पुलिस द्वारा चलाया गया ऑपरेशन साइबर शिल्ड के तहत वाटसअप पर 5० हजार कमाने की लालच में मैसेज के लिंक से जुडकर अपना वाटसअप ए सीस साइबर ठग को देने के मामले में दस लोग को गिरफतार और दो बाल अपचारी को डिटेन किया गया। वही आमजन को ऐसे लोक लुभावने मैसेज फॉरवर्ड करने से बचने का आहवान किया। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन और साइबर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे साइबर शिल्ड अभियान के तहत अरविंद पुत्र काना डामोर (22) के मोबाइल में वाटस अप पर मैसेज भेजा। जिसमें आई मैक मनी ऑटोमोटिकली ऑन गो शेयर वीथ वाटसअप एवं नाउ आई इनवाइट यू टू जोइन साइन अप नाउ एंड हेव चांस टू अर्न 50000 पर मंथ इस पर लोकलुभावने मैसेज भेजे गए।

## यूरिया खाद का किया वितरण

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के विकास नगर लैम्पस पर रविवार को युरिया खाद वितरण कार्यक्रम में लैम्पस अध्यक्ष महेंद्र कुमार सेवक, उमेश पाटीदार, राष्ट्रवल्लभ पाटीदार सहित गांव के लोग विकास नगर के उपस्थिति रही। किसानों को 27० रुपए में यूरिया खाद किसानों को वितरित किया समाजसेवी अनिल जैन के पहुंचने पर किसानों के चेहरे पर रौनक दिखने मिली। पिछले कई दोनों के इंतजार के बाद पहली बार यूरिया खाद उपलब्ध हुआ।

# सकल जैन समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**उदयपुर, (कासं)।** जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाईजेशन (जीतो)उदयपुर चैप्टर की ओर से सकल जैन समाज के क्रिकेट टूर्नामेन्ट जीतो प्रीमियर लीग 2025 का आयोजन 7 से 12 जनवरी तक फील्ड क्लब मैदान पर होगा।

यशवंत आंचलिया ने बताया कि प्रतियोगिता में उदयपुर चेप्टर में आने वाले उदयपुर व राजसमंद जिले की 52 टीमे शामिल होगी जिसमें 36 टीमे पुरूष व 16 टीमे महिलाओं की होगी। आभिषेक संचेती ने बताया कि प्रतियोगिता के मैच शाम 4 बजे से शुरू होंगे जो दुधिया रोशनी में खेले जाएंगे और प्रत्येक मैच 6-6 ओवर के होंगे। जैन समाज की खेल प्रतिभाओं को मंच देने व उनकी प्रतिभा निखारने हेतु 6 दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। लोकेश कोठारी ने बताया कि लीग का उद्घाटन समारोह मंगलवार दोपहर 3.30 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अरविन्द, विशिष्ट अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, आयुक्त उदयपुर विकास प्राधिकरण राहुल जैन, सम्मानित अतिथि के रूप में आदिश खोडनिया महावीर चपलोत आदि उपस्थित रहेंगे।

# भारत माता पूजन के साथ संस्कृत के संवर्धन का लिया संकल्प

**उदयपुर, (कासं)।** आठ दिन से उदयपुर में चल रहे संस्कृत संभाषण प्रबोधन वर्ग का समापन ब्रह्म मुहूर्त में 101 दीयों के साथ भारत माता पूजन और संस्कृत के संवर्धन के संकल्प के साथ पूर्ण हुआ। सभी शिविरार्थियों, प्रबंधकों, शिक्षकों ने एक-एक दीप प्रज्वलित कर भारत माता की छवि पर पुष्प अर्पित किया एवं साष्टांग नमन करके संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृत भारती का सक्रिय कार्यकर्ता बनने का संकल्प लिया।

- विश्व में बढ़ रही है संस्कृत की महिमा : विधायक मीणा



संस्कृत संभाषण प्रबोधन वर्ग के समापन पर कुलपति कर्नल प्रो. एसएस सारंगदेवोत आदि मौजूद रहे।

रविवार प्रातः वेला में हुए इस दीक्षांत समारोह में प्रांत सह मंत्री डॉ मधुसुदन ने एकात्मकता स्तोत्र करवाकर भारत माता पूजन करवाया। प्रांत मंत्री डॉ परमानंद शर्मा ने अपने उद्बोधन में संस्कृत संभाषण के माध्यम से संस्कृत, संस्कार और सनातन धर्म की रक्षार्थ भारत माता के सम्मान और गौरव बढ़ाने के लिए कार्य करने के लिए स्वप्रेरित होकर संकल्पबद्ध होने का आव्हान किया।

इससे पूर्व, आयोजित समापन समारोह में शिविरार्थियों ने संस्कृत की विविध प्रस्तुतियां दीं। समारोह के मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, मुख्य वक्ता राजस्थान क्षेत्र संयोजक तक सिंह राजपुरोहित, विशिष्ट अतिथि प्रांत मंत्री परमानंद शर्मा, व अध्यक्षता राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने की।

विधायक मीणा ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए संस्कृत भाषा के लिए कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया और किसी भी उम्र में खुद को कभी कमजोर नहीं समझते हुए अपने क्षेत्र में सतत कार्य करते रहने को कहा।कुलपति प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय संस्कृति के गौरव को जानने समझने और सुरक्षित रखने के लिए संस्कृत भाषा को पढना लिखना, सुनना और बोलना आना बहुत जरूरी है, क्योंकि संस्कृत भाषा के ग्रंथों में हमारे ऋषि मुनियों ने ज्योतिष, चिकित्सा और कला का विशिष्ट वर्णन किया है जिसको जानने के लिए संस्कृत भाषा को सीखना अत्यंत आवश्यक है उन्होंने संस्कृत भाषा को ज्ञान की गंगा के रूप में परिभाषित करते हुए इसकी ऋचाओं से उपस्थित समुदाय को अवगत कराया कराया और संस्कृत पठन-पाठन के माध्यम से शास्त्रों में छिपे गुड रहस्य को समझने की विधि से अवगत कराया।

प्रो सारंगदेवोत ने कहा कि संस्कृत केवल ब्राह्मणों व पंडितों की भाषा नहीं है बल्कि एक जान भाषा है राजा भोज के काल में भी यह भाषा बोलचाल में बोली जाती थी और इसका महत्व आज भी बहुत ज्यादा है। हम अपने भारत देश को यदि विश्व गुरु बनाना चाहते हैं तो एक मात्र उपाय है संस्कृत भाषा जिसके द्वारा हम भारत को एकता और अखंडता में बांधकर रखते हुए भारत का विकास कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता क्षेत्र संयोजक तक सिंह राजपुरोहित ने कहा कि भारत की आत्मा संस्कृत को व्यवहारिक भाषा बनाना अनिवार्य है संस्कृत पूर्ण रूप से वैज्ञानिक संस्कारित भाषा है। उन्होंने भजन भोजन के साथ-साथ संस्कृत के शास्त्र ज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत को व्यवहारिक भाषा बनाने तथा गीता रामायण आदि शास्त्रों के नियमित अध्ययन व संस्कृत भाषा के नियमित आचरण से परिवार के बच्चों में संस्कारों के साथ जीवन भी संस्कारित होता है।

सार-समाचार

## नाटक 'गधे की बारात' का मंचन



**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार को हास्य व्यंग्य नाटक 'गधे की बारात' का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से अमीरी-गरीब के अंतर को दिखाया गया। कलाकारों ने बेहतर प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि मासिक नाट्य संध्या रंगशाला में रविवार को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'गधे की बारात' नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक सप्तक कल्चरल सोसायटी रोहतक द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसका 345वां मंचन यहां शिल्पग्राम में हुआ। इससे पूर्व यह लाहौर (पाकिस्तान), लबासना मसूरी, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली में मंचन किया जा चुका है। इस हास्य व्यंग्य नाटक के जरिए दर्शाया गया कि गरीबों की बस्ती से जो भी राजमहल की ड्योढी तक पहुंच जाता है वो फिर कभी नहीं लौटता। वहां पहुंचकर वो अपने सगे गरीब भाईयों को भुला देता है। इस नाटक के नाटककार हरिभाई वडगांवकर तथा निर्देशक विश्वदीपक त्रिखा थे। अंत में सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के सहायक निदेशक दुर्गेश चांदवानी ने किया।

## सुशीला मीणा को आरसीए ने लिया गोद

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापगढ़ की सुशीला मीणा को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने गोद ले लिया है। 12 साल की सुशीला की पढ़ाई से लेकर उसके रहने, खाने और क्रिकेट ट्रेनिंग का खर्च आरसीए उठाएगा। रविवार को जयपुर में खेल मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ की मौजूदगी में सम्मान समारोह हुआ जिसमें आरसीए ने सुशीला को गोद लेने की घोषणा की गई। आरसीए एकेडमी में खेल मंत्री और जहीर खान जैसे एक्शन से बॉलिंग करने वाली सुशीला ने नेट प्रैक्टिस की तथा इस दौरान सुशीला ने खेल मंत्री को क्लीन बोल्ड कर दिया। सुशीला ने कहा कि वह पिछले 3 साल से क्रिकेट खेल रही है। अब वह और अच्छी ट्रेनिंग हासिल कर भारतीय टीम में शामिल होना चाहती है, यही लक्ष्य है। सुशीला को गोद लेने के दौरान राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के साथ मंत्री हेमंत मीणा,जोगाराम पटेल, एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी समेत जिला क्रिकेट संघों के पदाधिकारी मौजूद रहे। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में कई प्रतिभाएं हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अब आरसीए और खेल विभाग प्रॉपर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। इसकी शुरुआत सुशीला मीणा से हो रही है। सुशीला को क्रिकेट की ट्रेनिंग दी जाएगी। अच्छी एजुकेशन भी दी जाएगी। खेल मंत्री ने जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों को अपने जिलों में खेल प्रतिभाओं को तराशने के आदेश दिए। उन्होंने कहा. आने वाले समय में दुनिया का सबसे तेज गेंदबाज राजस्थान से होना चाहिए। न सिर्फ क्रिकेट बल्कि सभी खेलों में राजस्थान के खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करें। इस सोच को लेकर राजस्थान की सरकार काम कर रही है। सुशीला के पिता रतनलाल और मां शांति बाई मीणा मजदूरी व खेती करके परिवार का पालन.पोषण करते हैं। सुशीला माता.पिता और दादा के साथ बांस की झोपड़ी में रहती है। सुशीला पढ़ाई के साथ हर रोज 2 घंटे क्रिकेट खेलती है।

## बहला-फुसलाकर सोने के टॉप्स खुलवाए

**उदयपुर, (कासं)।** धानमंडी थाना क्षेत्र में एक सफाईकर्मी महिला ने एक युवक व महिला के खिलाफ उसे बहला-फुसला सोने के टॉप्स खुलवा चोरी कर ले जाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार भगवती उर्फ भागवंती पत्नी स्व. जगदीश वाल्मीकी निवासी गांधीनगर मल्लातलाई ने मामला दर्ज करवाया कि दो दिन पूर्व 3 जनवरी को वह अपने घर से नगर निगम के ऑफिस अमल का कांटा सफाईकर्मी की हाजरी लगवाने जा रही थी। दोपहर करीब 1.45 बजे हनुमान मंदिर धानमण्डी चौक में उसे एक महिला व लडका मिला, जो मुझे अहमदाबाद जाने का रास्ता पूछ बहला फुसलाकर सीमेंट गली में ले गए और कानो में पहने एक तोला वजनी सोने के टोप्स व उसकी चेन खुलवाकर एक सफेद रूमाल में रखकर काले कलर के बैग में रखवाया। एक नोटो जैसी कागज की गड्डी को भी बैग में रखवाकर उससे कहा कि वह यहीं पर बैठे वे दोनों खाना खाकर आते है और चले गए काफी देर तक नही आने पर उसे उसके साथ हुई चोरी का पता चला। उसने थाने में जाकर प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हड़ताल के समर्थन में आए छात्र नेता

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाडिया में चल रही एसएएबी कर्मचारियों की हडताल को कई छात्र नेताओं ने समर्थन दिया। छात्र नेता मोहित नायक ने बताया कि विवि एसएएबी कर्मचारियों को 31 दिसंबर के बाद से सेवा विस्तार नहीं दिया गया है इसके बाद से लगातार प्रशासनिक भवन के बाहर कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी है, विवि की सभी प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है। विवि में बाहर से आ रहे कई छात्रों को माइग्रेशन एवं कई अन्य दस्तावेजों के लिए परेशानियों का सामना करना पड रहा है।प्रशासन से मांग की गई कि जल्द से जल्द इन कर्मचारियों के पक्ष में सकारात्मक समाधान करते हुए निर्णय लेवे अन्यथा विवि को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। ज्ञापन एवं प्रदर्शन के समय एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मोहित नायक,पूर्व प्रदेश सचिव रोहित पालीवाल, अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड,प्रदेश महासचिव गोपाल गायरी,समीर मेंघवाल, कुनाल मेघवाल आदि कई छात्र नेता मौजूद रहे।

## फोल्डर का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** अपना घर आश्रम जैसी मानव सेवा आज तक कहीं नजर नहीं आई जहां असहाय, निराश्रित पीडि़त मानवों को प्यार और अपनापन देकर पुनः परिवार से मिलने का कार्य किया जाता है। सेवा का ऐसा अद्भुत कार्य करने वाले आश्रम के सभी सेवा साथी प्रशंसा के पात्र हैं। यह विचार कथावाचक पुष्कर दास जी महाराज ने अपना घर आश्रम उदयपुर के नवीन फोल्डर विमोचन के अवसर पर कहें। इस अवसर पर आश्रम अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय ने अपना घर आश्रम की विचारधारा एवं गतिविधियों की जानकारी दी। आश्रम द्वारा प्रभुजी की कि जारही सेवाओं से प्रभावित होकर नीतू गुप्ता एवं प्रवीण चपलोत ने आश्रम की आजीवन सदस्यता ग्रहण की जिनका पुष्करदास जी ने उपरणा द्वारा स्वागत किया। साथ ही प्रभुजी की निरंतर सेवा करने वाले आश्रम प्रभारी सुल्तान सिंह, सेवा साथी आकाश कुमार,सुदर्शन,उदयसिंह,गणेश का उपरणा पहनकर अभिनंदन किया।

## बस की टक्कर घायल युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।**शहर के सविना थाना क्षेत्र में में गलत दिशा से आई एक रोडवेज की टक्कर से घायल हुए स्कूटी चालक युवक की मौत हो गई।पुलिस के अनुसार कमलेश सालवी (33) पुत्र उदयलाल सालवी निवासी कलालों का मोहल्ला गोवर्धन विलास जो शनिवार शाम घर जा रहा था। तितरडी में रांग साइड से आई रोडवेज बस ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे एमबी चिकित्सालय भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। एएसआई लालसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## बीमारी से परेशान विवाहिता ने लगाई फांसी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर के अंबामाता थाना क्षेत्र में बीमारी से परेशान विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार सीमा कुमावत (46) पत्नी मुकेश कुमावत निवासी नीमच माता स्कीम देवाली जो रविवार को घर पर थी। पति मुकेश कुमावत किसी कामसे गया था। दोपहर 2 बजे विवाहिता ने कमरे में पंखे से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पति घर आया तो वह फांसी पर लटकी मिली। परिजन उन्हें फंदे से उतार एमबी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि महिला को दिल की और डायबिटीज की बीमारी थी जिससे वह काफी परेशान थी। एएसआई शिवदत्त सिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।


# अवैध बजरी से भरे डंपर ने पति पत्नी व दो बच्चों को कुचला

## गुस्साए लोगों ने सड़क पर लगाया जाम, वाहनों की लगी कतारें

**सायला,** (निसं)। सायला पुलिस थानाक्षेत्र के उन्नडी-पोषाणा के बीच मामाजी मंदिर के पास स्टेट हाइवे पर रविवार शाम को अवैध बजरी से भरे डंपर ने एक मोटरसाइकिल पर जा रहे पति-पत्नी समेत उसके दो बच्चों को कुचल दिया। जिससे चारों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बावतरा निवासी उतमपुरी (32वर्ष) पुत्र मांगपुरी गोस्वामी, उसकी पत्नी टेपादेवी (3०वर्ष), बेटे हेमराज (5 वर्ष) व बेटी चिन्टू (8 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बावतरा से कोरा जा रहे थे। इस दरम्यान उन्नडी-पोषाणा के बीच मामाजी मंदिर के पास स्टेट हाइवे पर अवैध बजरी से भरे डंपर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार दंपती व उसके दो बच्चों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों के शव भी सडक पर बिखर गए। जबकि दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना पर सायला पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतकों के शवों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सायला की मोर्चरी में रखवाया गया। साथ ही अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त किया। वही दुर्घटना के बाद मौके पर बडी संख्या में लोग एकत्रित हो गए तथा स्टेट हाइवे को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनो साईड वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। समाचार लिखे जाने तक लोग स्टेट हाइवे को जाम कर प्रदर्शन कर रहे थे।



सायला पुलिस थानाक्षेत्र के उन्नडी-पोषाणा के बीच मामाजी मंदिर के पास स्टेट हाइवे पर अवैध बजरी से भरे डंपर ने एक मोटरसाइकिल पर जा रहे पति-पत्नी समेत उसके दो बच्चों को कुचल दिया।

## नेट थिएट पर वायलिन का मंगल ध्वनि कार्यक्रम

**जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगल ध्वनि कार्यक्रम में प्रसिद्ध वायलिन वादक गुलजार हुसैन ने कार्यक्रम की शुरुआत राग बिहाग से की । नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि प्रिंस आफ वायलिन गुलजार ने राग बिहाग में मध्य लय झपताल की बहुत ही सुंदर बंदिश मंगल गाओ चौक पुराओ को गंधार व निषाद स्वरों की नजाकत के साथ बढत करते हुए पेश किया। उन्होंने राग बिहाग में अलाप, जोड़ के बाद स्वर विस्तार से राग की बढत करते हुए गमक की ताने , तीनों सप्तक की ताने के साथ सुंदर तिहाईयो से राग का श्रृंगार किया। इस के बाद मध्यलय तीनताल में बंदिश लट उलझी सुलझा जा रे बालम को भावपूर्ण व बोल बांट के साथ प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा तबला वादक मेराज हुसैन की लाजबाव संगत ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम में गुलजार ने अपने अनोखे तरब व पांच तारो के वायलिन पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के बाद थियेटर कलाकार रेनू सनाढ्य से चर्चा करते हुए गुलज़ार हुसैन ने वायलिन के इतिहास के बार में अनेक जानकारी दी।

गुलज़ार ने अपने कार्यक्रम में पांच सौ वर्षों में वायलिन में हुए बदलाव को भी अपने वायलिन कलेक्शन के जरिए दर्शकों को दिखाया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने वायलिन कहा बना पर गुलज़ार ने बताया 16वीं सदी में यूरोप के इटली में आंद्रे अमाती ने प्रथम वायलिन बनाया। कार्यक्रम में इंपीरियल प्राइम कैपिटल के संगीत रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत तपेश शर्मा, फोटोग्राफी और वीडियो मिहिजा शर्मा,प्रकाश जीवितेश शर्मा एवं मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू की रही।

# मिनी बस ने कार को टक्कर मारी, दो की मौत



नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटना में कार पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई।

**कोटा,** (निसं)। बूंदी जिले के तालेड़ा इलाके में नेशनल हाईवे 52 पर कोहरे के कारण एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में कार सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं एक शव झाड़ियों में मिला है। घायलों को उपचार के लिए कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। यह घटना रविवार सुबह लगभग 3 बजे की बताई जा रही है।

थानाधिकारी अजीत बागडोलिया ने बताया कि बूंदी की तरफ से कोटा एक कार जा रही थी। इसे पीछे की तरफ से आ रही एक मिनी बस ने टक्कर मार दी मिनी बस भी बूंदी की तरफ से कोटा जा रही थी। घटना में कोटा निवासी शैलेंद्र कटारिया की मौत हो गई जबकि अमन और एक अन्य घायल हो गया। वहीं कोटा निवासी दिव्यांशु मीणा का शव झाड़ियों में पड़ा मिला है।

- दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी

अजीत बागडोलिया ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। दुर्घटना के बाद दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर यातायात को बहाल किया और जाम को हटवाया। मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मिनी बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना के संबंध में कार सवारों के परिजनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मिनी बस चालक के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है।

# सिक्योरिटी गार्ड को दी जान से मारने की धमकी

## बीसलपुर बांध से मछली की चोरी रोकने का मामला

**देवली** (निस)। इन दिनों उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध से मछलियों का अवैध तौर पर शिकार करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इन्हीं मामलों के बीच रविवार को फिर से एक मामला सामने आया है। जहां मत्स्य ठेकेदार के सिक्योरिटी कर्मियों ने पुलिस थाना सावर जिला अजमेर में रिपोर्ट दर्ज करवाई है । यहां बादल पुत्र रमेश चंद्र मीणा निवासी नापाखेडा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि 4 जनवरी शनिवार को सुबह 10:00 बजे के लगभग वह एवं उसके साथी कर्मचारी देवली उपखंड के बीसलपुर बांध के जलभराव क्षेत्र में मत्स्य सिक्योरिटी गार्ड की हैसियत से ग्रस्त कर रहे थे।

इस दौरान खेजड़ी पाडलिया ग्राम मैं स्थित बीसलपुर बांध से कुछ व्यक्ति मछली का अवैध करते पाए गए। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड कर्मी सोनू पुत्र शिवदान मीणा सुलतान पुत्र दिलीप मीणा एवं इंजन बोट का ड्राइवर सिकंदर ने आरोपी पंकज पारलिया पुत्र हरनाथ मीणा मनीष पुत्र शिवराज मीणा परमेश्वर पुत्र शिवराज मीणा गजराज सिंह पुत्र उदय सिंह मीणा दिलखुश पुत्र रमेश रेगर दीपू पुत्र रमेश रेगर सहित अन्य आरोपियों पर बीसलपुर बांध से मछलियां चोरी करने का मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि पंकज पारलिया और उसके साथी नाव में बैठकर जाल से मछली चोरी करते दिखाई दिए। इस दौरान उक्त 10-12 आरोपी नाव में सवार होकर बीसलपुर बांध से अवैध रूप से मछलियां पकडने की जाली लगाकर मछली पकड़ रहे थे।

- आर आर फिशरीज कंपनी के सिक्योरिटी टीम ने आरोपियों के विरुद्ध सवार पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया
- कुछ आरोपी पर पूर्व में दो बिहारी मजदूर की हत्या करने का लग चुका है आरोप

पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सिक्योरिटी गार्ड कर्मियों ने पंकज पारलिया और उसके साथियों को मछली चोरी करने रोका और अवैध रूप से मछली पकडने वाली जाली को जप्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। यहां बादल मीणा ने पुलिस को बताया कि इस दौरान उक्त आरोपी ने सिक्योरिटी गार्ड कर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया तभी बादल मीणा, सोनू सुल्तान एवं सिकंदर के साथ पंकज नामक व्यक्ति ने बुरी तरह से मारपीट की जिससे उन्हें अंदरुनी गंभीर चोटे पहुंची है। पुलिस में दी रिपोर्ट के अनुसार मत्स्य ठेकेदार के सिक्योरिटी कर्मियों ने इंजन बोट के जरिए भागकर अपनी जान बचाई है । यहां पुलिस रिपोर्ट में पीड़ितों ने बताया उक्त आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की नीयत पर पीछा किया लेकिन जैसे तैसे सिक्योरिटी गार्ड कर्मचारी भाग कर अपनी जान बचाने में सफल हो गए। यहां सिक्योरिटी गार्ड कर्मचारियों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि। उक्त आरोपियों ने उन्हें धमकी दी है कि अगर उन्होंने उनके व्यक्तियों को बीसलपुर बांध में मछलियों का शिकार करते हुए रोका या जाल वगैरह जप्त किया तो वह अपनी जान से हाथ धो बैठेंगे। इस मामले में सावर पुलिस थाना ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि अभी हाल ही में लगभग 4 से 5 साल पहले उक्त आरोपियों में से पंकज पारलिया नामक आरोपी पर बिहार के दो मजदूरों की हत्या करने का मामला देवली पुलिस थाने में दर्ज हुआ था। उक्त दौरान पंकज पारलिया पुलिस से बचने के लिए फरार हो गया था। लेकिन देवली पुलिस पुलिस की सूझबूझ और कड़ी मशक्कत के बाद दो बिहारी मजदूरों की हत्या के मामले में पुलिस ने पंकज पारलिया को गिरफ्तार कर लिया था बाद में न्यायालय ने पंकज पारलिया को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश पुलिस थाना सावर जिला अजमेर का कहना हैं ि मत्स्य ठेकेदार के सिक्योरिटी गार्ड कर्मचारियों ने बीसलपुर बांध से मछली चोरी को रोकने के दौरान मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सावर पुलिस थाने में पंकज पारलिया सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में फायरिंग करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## तीन मंदिर महाकुंभ के लिए भेजेंगे 3 ट्रक भोजन सामग्री

**जयपुर** (कासं)। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए प्रदेश के तीन प्रमुख मंदिरों श्री मोती डूंगरी गणेश मंदिर, खाटूश्यामजी मन्दिर व सालासर बालाजी मंदिर द्वारा तीन ट्रक भोजन सामग्री भेजी जाएगी। महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि इन तीनों मन्दिर के ट्रस्ट द्वारा 200 पीपे तेल, 50 पीपे देसी घी, 10 टन आटा व 5 टन दाल के रूप में तीन ट्रक भोजन सामग्री भेजी जाएगी। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत सोमवार सुबह 11 बजे श्रीमोतीडूंगरी गणेश मंदिर से तीनों ट्रकों को रवाना करेंगे। विश्व हिंदू परिषद के सानिध्य में ये कार्यक्रम होगा।

# एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला : बीकानेर रेंज के 8 एसआई निलंबित

## बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने जारी किए आदेश

**बीकानेर ।** एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में विभागीय कार्यवाही करते हुए बीकानेर रेंज के आईजी ने आठ ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है। बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने बताया कि एसआई भर्ती, 2021 नकल प्रकरण में एसओजी की ओर से जांच में गिरफ्तार किए गए 8 सब इंस्पेक्टर को निलंबित किया गया है। निलंबित किए गए एसआई में श्रीगंगानगर जिले के करणपाल गोदारा, जगराज, मनीष बेनीवाल, श्रवण कुमार, मनीष, अंकित गोदारा, बीकानेर की मंजू बिश्नोई और हनुमानगढ़ की मंजू देवी शामिल है।

प्रदेश सरकार और पुलिस मुख्यालय की अनुमति न मिलने के कारण इस मामले में काफी समय से कार्रवाई लंबित थी। शासन की हरी झंडी मिलने के बाद से रेंज की ओर से कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि बीकानेर रेंज के अलावा जयपुर, उदयपुर और कोटा रेंज के 11 एसआई को भी निलंबित किया जा चुका है।मुक्ता प्रसाद नगर थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह व साइबर थाने के सहायक उप निरीक्षक दीपक यादव की टीम ने मिलकर भीमला को पकड़ लिया। टीम ने पिछले कई दिनों से लगातार प्रयास करते हुए कड़ी से कड़ी जोडते हुए भीमला पर नजर रखी। संदिग्ध स्थानों पर लगातार निगरानी रखी गई।

साईबर सैल ने मुल्जिम आरोपी भींयाराम उर्फ भीमसेन उर्फ भीमला से जुडी संदिग्ध गतिविधियों पर रोजाना मॉनिटरींग करते हुए जानकारी जुटाई। भीमला को इन सूचनाओं के आधार पर गिरफ्तार किया गया। जिससे दो चोरी की मोटरसाईकिल व वारदात मे काम ली गई मोटरसाईकिल जब्त की गई। आरोपी अव्वल दर्जे का चोर व लूट की वारदातें करने का आदि है। जिसके विरुद्ध पूर्व मे लूट व चोरी के आधा दर्जन प्रकरण दर्ज हैं। गिरफतार आरोपी भींयाराम उर्फ भीमला से पुछताछ व अनुसंधान जारी है जिससे शहर में हुऐ वाहन चोरीयो व अन्य चोरीयों का खुलासा होने की संभावना है। भींयाराम उर्फ भीमसेन उर्फ भीमला नायक की उम्र महज 23 है और वो नागौर के बरनेल पुलिस थाना खाटुबड़ी नागौर का रहने वाला है।

# होटल में तोड़फोड़ करने के मामले में पांच पकड़े

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना पुलिस ने सारस चौराहे के समीप एक होटल में हमला करते हुए तोड़फोड़ करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। 16 दिसम्बर को सारस चौराहे स्थित होटल ओम साई में कुक व एक सोनू नाम के एक व्यक्ति के बीच खाने को लेकर झगडा हो गया था। जिस पर होटल मालिक तेजवीर ने मामला शांत करा दिया था। लेकिन उसके कुछ देर बाद झगडा कर रहा युवक सोनू अपने साथ अन्य व्यक्तियों को वहां ले आया और उन्होने आते ही होटल के बाहर खडी कारों के शीशे तोड़ दिए। होटल के अंदर लगे शीशों को लाठी और डंडों से तोड़ दिया। होटल मालिक तेजवीर ने बाथरूम में छुपकर अपनी जान बचाई। यह पूरी घटना होटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तोडफोड करने करने के बाद सभी आरोपी होटल से फरार हो गए। जिसके बाद तेजवीर सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम पर घटना की सूचना दी।

जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रात में ही तेजवीर सिंह ने पुलिस को शिकायत दे दी। जिस पर पुलिस ने मामले का अनुसधान करते हुए मुख्य आरोपी सोनू व उसके साथियों ऋषिपाल, अशोक, विनोद और टिपेन्द्र को गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है।

## व्यवसायी को बादाम का ऑर्डर देकर 21 करोड़ की धोखाधड़ी

**जयपुर।** दौलतपुरा इलाके में एक व्यवसायी को बादाम का ऑर्डर देकर 21 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि दौसा निवासी व्यवसायी ने मामला दर्ज करवाया कि वह दौलतपुरा स्थित एक फर्म से बादाम का होलसेल बिजनेस करते हैं।

आरोप है कि अप्रेल-2024 में आरोपी की ओर से 4 लाख किलो बादाम का ऑर्डर दिया गया। ऑर्डर दिए गए बादाम की कीमत करीब 21 करोड़ रुपए है। एडवांस के तौर पर 1.69 करोड़ रुपए दिए गए, आगामी 15 जनवरी 2025 में ऑर्डर का माल भिजवाना तय हुआ। आरोपी ने ट्रिप, दलाली रकम व पुराने डिफेंस अकाउंट को लेकर 80 लाख रुपए दिए गए, जबकि एडवांस रकम में से वापस ले लिए। बादाम के एवज में उनके पास 89 लाख रुपए ही बाकी रह गए। 25 दिसम्बर 2024 को पोर्ट पर ऑर्डर आने की संभावना होने पर बकाया रकम के लिए आरोपी से कॉन्टैक्ट किया। इससे माल को पोर्ट से छुड़ाकर तैयार कर तय समय पर दे सकें। बकाया रकम देने के बजाय आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया।

# भीलवाड़ा में फ्लाइंग स्कूल को मिली मंजूरी

## प्रदेश के विमानन क्षेत्र का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में विमानन क्षेत्र के विकास एवं क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रही है। इसी कड़ी में भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित करते हुए फ्लाइंग स्कूल खोला जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई हैं।

शर्मा ने कहा कि इस फ्लाइंग स्कूल के खुलने सेयुवाओं को प्रदेश में ही फ्लाइंग प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त होंगे। प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा में भी फ्लाइंग स्कूल खोलने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। इस संबंध में निवेशक यहां निवेश के लिए रूचि दिखा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में घरेलू विमानन बाजार निरंतर विकसित हो रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा विमानन क्षेत्र के लिएशुरू की गई उडान योजना से घरेलू यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

- मंत्रिमंडल से नागरिक विमानन नीति-2024 को मंजूरी मिल चुकी है

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में विमानन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का विकास और क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार करने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी क्रम में मंत्रिमंडल से नागरिक विमानन नीति-2024 को मंजूरी मिल चुकी है। इस नीति में विमानन प्रशिक्षण सुविधाओं, विमानन रखरखाव सेवाओं को बढ़ाने और एयरोस्पेस गतिविधियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है।

## चोरी के मामले में दो नाबालिग निरुद्ध किए

**भरतपुर** (निस)। शहर के मोरी चार बाग क्षेत्र में स्थित वकील नवीन शर्मा के मकान में हुई लाखों की चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दो नाबालिग बालकों को निरूद्ध किया है। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। सीओ सिटी पंकज यादव ने बताया कि चोरी की वारदात में दो नाबालिगों को निरूद्ध कर उनके कब्जे से चोरी किए गए दो लाख अडतीस हजार रूपये व 48 चांदी के सिक्के, दो सोने की अंगूठी, एक हीरे की अंगूठी, एक सोने की चैन और एक चांदी की अगूंठी को बरामद किया है। पुलिस के द्वारा निरूद्ध किए गए इन दो नाबालिगों के द्वारा पूर्व में भी छोटी चोरी की वारदात की गई थी। लेकिन इन बार चोरी के दौरान दोनों के हाथ बडा माल लग गया। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। वहीं इस मामले को लेकर सीओ सिटी पंकज यादव ने कहा है कि पुलिस चोरियों की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। वहीं उन्होंने ऐसे व्यापारियों को भी हिदायत दी है कि अगर कोई भी व्यापारी नाबालिग बच्चों से सामान खरीदता है।

# महिला की मौत, अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय झपकी आंखे, मची अफरा तफरी

**करौली,** (निसं)। करौली सामान्य चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो जाने के बाद परिवारजन उसका अंतिम संस्कार करने के लिए ले जा रहे थे । इस दौरान महिला के शरीर में हलचल होने और आंखों कि पलक झपकने से एक साथ अफरा तफरी सी मच गई और एक बार फिर महिला को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया लेकिन महिला के परिवारजन उसे किसी अन्यत्र स्थान पर ले गए।

करौली अस्पताल के पीछे स्थित गायत्री कॉलोनी निवासी महिला शीला पत्नी लोकेश सैन 25 को रविवार प्रात: 11:56 बजे मेल मेडिकल वार्ड में परिवार जनों ने बेहोशी की अवस्था में भर्ती कराया। जहां महिला की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे गहन चिकित्सा इकाई आईसीयू वार्ड में दोपहर 12:30 बजे शिफ्ट कर दिया । जहां चिकित्सकों कि उपस्थिति में उसका उपचार किया गया। महिला कि तबीयत बिगड़ने पर उसको दोहपर 12:35 बजे जयपुर के लिए रैफर कर दिया लेकिन परिवारजन महिला को जयपुर नहीं ले गए और किसी प्रकार कि पुलिस कार्रवाई से इनकार करते हुए हानि लाभ का स्वयं जिम्मेदार होना टिकट पर लिखकर महिला के चचिया ससुर माखनलाल और देवर पवन ने दे दिया । दोपहर 1:33 बजे महिला ने अस्पताल के वार्ड मे दम तोड़ दिया। इस दौरान आईसीयू वार्ड के स्टाफ ने महिला कि इसीजी कि जांच कि जिसमें फ्लैट लाइन को देखते हुए उसे मृत घोषित कर दिया।

परिवारजन मृतक महिला शीला के शव को अस्पताल के पीछे स्थित निवास पर ले गए और महिला के पीहर पक्ष के लोगों को घटना कि सूचना दे दी। सायं 4:30 बजे के करीब महिला को जब अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के लिए कफन काठी तैयार कि जा रही थी। इस दौरान अन्य महिलाओं द्वारा मृतक महिला का अंतिम समय किया जाने वाला सिंगार करते समय उसके शरीर में हलचल और आंखों से पलक झपकने लगी, जिससे महिलाओं में एक साथ अफरा तफरी सी मच गई और एक बार फिर शीला को करौली सामान्य चिकित्सालय लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक नमो नारायण मीणा ने महिला कि ईसीजी कि जांच की। इस दौरान मौके पर लोगों कि भारी भीड़ एकत्रित हो गई। घटना कि जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार, अस्पताल पुलिस चैकी प्रभारी ब्रजराज शर्मा सहित कोतवाली पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। इस दौरान मृतक महिला के परिवार जन महिला को जिंदा बताते हुए एंबुलेंस में रखकर अनियंत्र स्थान पर ले गए। इस दौरान पुलिस ने परिवारजनों से काफी समझाईश कि लेकिन परिवार के लोगों ने पुलिस की एक नहीं मानी। समाचार लिखे जाने तक मृतक शीला के जिंदा रहने या वापस मृतक घर ले आने कि सूचना नहीं मिल पाई।




करौली अस्पताल से पुलिस कि मौजूदगी में विवाहिता महिला के शव को अन्यत्र स्थान पर ले जाते।

# अपात्र व्यक्तियों ने 31 जनवरी तक नाम वापस नहीं लिए तो सख्त एक्शन होगा : सुमित गोदारा

**जयपुर।** अपात्र और सक्षम व्यक्तियों द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना में अनुचित तरीके से लाभ उठाने वालों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करने वाली है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का प्रदेशभर में व्यापक असर हो रहा है। हजारों लोग आगे आकर अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवा रहे हैं। अपात्र व्यक्तियों को इस योजना के दायरे से बाहर निकाले जाने का कार्य विभाग की ओर से लगातार किया जा रहा है। गोदारा ने बताया कि 31 जनवरी तक सक्षम और अपात्र परिवारों को इस योजना से अपना नाम हटा लेना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर 31 जनवरी के बाद विभाग की ओर से सख्त एक्शन लिया जाएगा। योजना का अनुचित लाभ लेने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। मंत्री गोदारा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

गोदारा ने बताया कि गिव अप अभियान लंबे समय से चल रहा है। प्रदेश के लोग आगे आकर इस अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। प्रदेशभर में लगभग 7 लाख अपात्र व्यक्तियों के नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटाए गए हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए जनजागृति कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि लोग आगे आकर योजना का अनुचित लाभ लेना छोड़ें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का उद्देश्य जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना है। हालांकि कई सक्षम व्यक्तियों के योजना में शामिल होने के कारण पात्र और जरूरतमंद परिवार इस योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने अपात्र व्यक्तियों को योजना से स्वेच्छा से बाहर निकलने का विकल्प दिया है। सक्षम और अपात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटाने के लिए स्थानीय उचित मूल्य की दुकान जाना होगा। वहां पर निर्धारित फॉर्म को भरना होगा। दरअसल यह फार्म एक तरह का घोषणा पत्र है जिसके जरिए व्यक्ति द्वारा स्वयं की इच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभ नहीं लेने की अपील की जाती है। जो परिवार अपात्र हैं या जो सक्षम हैं। उन्हें यह फार्म भरकर जमा कराना है। इसके बाद विभाग की ओर से संबंधित परिवार का नाम योजना से हटा दिया जाएगा। 31 जनवरी 2025 के बाद अगर कोई व्यक्ति अनुचित रूप से लाभ लेते पाए गए तो विभाग की ओर से खाद्यान्न की बाजार कीमत से वसूली की जाएगी। उनके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा में अनुचित लाभ लेने वालों के करीब 7 लाख लोगों के नाम इस योजना से हटाए गए। सर्वाधिक 71932 व्यक्तियों के नाम अलवर जिले में हटाए गए। सर्वाधिक नाम हटाने वालों में दूसरे स्थान जयपुर जिला है जहां 41806 व्यक्तियों के नाम हटाए गए। तीसरे स्थान पर उदयपुर में 40314 अपात्र लोगों के नाम हटाए गए।

- **गिव अप अभियान का बड़ा असर : 2 महीने में लगभग 7 लाख व्यक्तियों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटाए गए**
- **'वंचित जरूरतमंद लोगों तक खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पहुंचाना सरकार का मुख्य उद्देश्य'**

# राष्ट्र निर्माण में नई पीढ़ी को तराशने का कार्य करते हैं शिक्षक : डॉ. पूनिया



भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का जयपुर के आमेर विधानसभा क्षेत्र के राजावास में स्वागत किया गया।

- **डॉ. सतीश पूनिया ने राजावास में 1.12 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया**
- **राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुये डॉ. पूनिया और मदन दिलावर**

**जयपुर।** भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर के आमेर विधानसभा क्षेत्र के राजावास में 1.12 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस दौरान विधायक प्रशांत शर्मा, जिला प्रमुख रमा देवी, उप जिला प्रमुख मोहन डागर इत्यादि सहित व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

सतीश पूनियां ने राजावास में पशु चिकित्सालय उपकेंद्र, सामुदायिक भवन, राजकीय विद्यालय में दो कक्षा-कक्ष, राजकीय विद्यालय में बास्केटबॉल खेल मैदान, राजकीय विद्यालय राजारामपुरा में कक्षा-कक्ष, राजावास मुख्य गांव से यादवों की ढाणी सीसी तक सड़क निर्माण कार्य इत्यादि विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इसके बाद जयपुर में आयोजित राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में डॉ. सतीश पूनिया और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से पधारे शिक्षक शामिल हुये। डॉ. पूनिया ने कहा कि, समाज, प्रदेश और राष्ट्र के उत्थान में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, माता-पिता के साथ-साथ बच्चे में संस्कार निर्माण व शिक्षा की नींव मजबूत करने में शिक्षक बड़ी सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, जन-जन में गुरुजी का सम्मान सर्वोच्च होता है, एक तरह से राष्ट्र निर्माण में नई पीढ़ी को तराशने का कार्य शिक्षक करते हैं।

# 21 करोड़ की लागत से लवाण सब-स्टेशन का संचालन शुरू

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की किसानों को वर्ष 2027 से दिन में अच्छी गुणवत्ता की बिजली उपलब्ध करवाने के निर्देशों की पालना में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये विद्युत प्रसारण निगम ने दौसा जिले में सब-स्टेशन, लवाण का संचालन शुरू कर दिया गया है।

प्रसारण निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि अभी तक लवाण के आस-पास के इलाकों में बिजली सप्लाई 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, दौसा व 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, तूंगा से होती थी जिससे वोल्टेज में उतार-चढ़ाव रहता था, इसी कारण लवाण में 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन बनाने की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी। 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन लवाण के बनने से बनियाना, पाटन, लवाण एवं आस-पास के क्षेत्रों की विद्युत छीजत में कमी आयेगी, वोल्टेज में सुधार होगा एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी।

डिडेल ने बताया कि इस ग्रिड सब-स्टेशन के बनने में लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत आई है तथा इस ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण में लगभग 15.66 लाख यूनिट प्रतिवर्ष विद्युत छीजत की कमी संभावित है, जिससे लगभग 132.170 लाख रूपये प्रतिवर्ष राजस्व की बचत अपेक्षित है।



विद्युत प्रसारण निगम ने दौसा जिले में 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, लवाण का संचालन शुरू किया।


## 'राज्य सरकार यूनिवर्सल हैल्थ केयर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध'

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज सी.के. बिरला हॉस्पिटल और सीएएचओ के संयुक्त तत्वाधान आयोजित क्वालिटी कॉन्क्लेव 2.0 में सम्मिलित हुई और चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और सुधार की दिशा किए जा रहे नवाचारों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान में डबल इंजन की भाजपा सरकार चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है और प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है।

कार्यक्रम में सी.के. बिरला अस्पताल के सीईओ विपुल जैन, वाइस प्रेसिडेंट अनुभव सुखवानी, चिकित्सा सेवाओं के उपाध्यक्ष डॉ. समीर सिंह , अधीक्षक डॉ. सुहासनी जैन, ऑपरेशन हेड डॉ. निहार भाटिया, क्वालिटी हेड डॉ. कृति ताम्बी, डॉ दीपा मेहरा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने श्री क्षेत्र रत्नपुर स्थित भद्र हनुमानजी के दर्शन किए



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को श्री क्षेत्र रत्नपुर ( खुलताबाद ) स्थित भद्र हनुमानजी के दर्शन कर वहां आयोजित महाआरती में भाग लिया। राज्यपाल बागडे ने भद्र हनुमानजी की विधिवत पूजा-अर्चना की और इस दौरान देश और प्रदेशवासियों की सुख, संपन्नता और खुशहाली के लिए कामना की।

# प्रदेश में 9 जनवरी तक पूरी हो जाएगी जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया : मदन राठौड़

- **'गुजरात के पूर्व सीएम और राजस्थान निर्वाचन अधिकारी रूपाणी कराएंगे प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव'**
- **'संगठन पर्व पूर्ण होने के बाद कार्यकारिणी का होगा विस्तार, इसके बाद कार्यों के अनुरूप बनाएं जाएंगे पन्ना प्रमुख'**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा विश्व की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी जहां एक निश्चित समय बाद बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक निर्वाचन पद्धति के आधार पर बनाए जाते हैं। भाजपा में वर्तमान समय में संगठन पर्व निर्वाचन प्रक्रिया चल रही है। बूथ समिति का निर्विरोध प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब मंडल अध्यक्षों की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। इसके बाद 8 से 9 जनवरी तक जिला अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष पद पर चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से कराने के लिए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्षों के निर्वाचन के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया पूरी होगी और इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाएंगे। इसके बाद कार्यकारिणी बनाई जाएगी और कार्यों का वितरण होगा तब कार्यों के विभाजन के साथ पन्ना प्रमुख नियुक्त किए जाएंगे। भाजपा में कार्यकर्ता मजबूती से कार्य करे, क्षेत्र में अपने संपर्क व्यापक बनाए और देशहित व समाज हित की भावना के साथ सबके विकास में सहयोग करें, इसी धारणा के साथ सभी को कार्य विभाजन किया जाता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश में विपक्ष की भूमिका में कांग्रेसी नेताओं को केवल आंदोलन ही करना है। गहलोत और पायलट गत सरकार में भी व्यवस्थित रूप से कार्य नहीं कर पाए और अब विपक्ष में रहकर भी विपक्ष की भूमिका सही नहीं निभा पा रहे। गहलोत सरकार के सभी फैसले या तो चंद लोगों को खुश करने वाले थे या फिर जनता के खिलाफ थे। उन्होंने एक विधानसभा वाले क्षेत्र को जिला बना दिया, जबकि कहीं 8 से 11 विधानसभा वाला क्षेत्र जिला है, कहीं 3.5 लाख जनसंख्या पर जिला बना दिया तो कहीं 22 लाख की जनसंख्या पर जिला है। ऐसे में उनके निर्णय अप्रासांगिक और अतार्किक थे।

मदन राठौड़ ने आगामी बजट को लेकर कहा कि भाजपा सरकार ने अपने पहले बजट में चुनावी घोषणों को शामिल करते हुए उन्हें पुरा करने की दिशा में कार्य किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र में से करीबन 50 फीसदी वादों को पूरा कर दिया और शेष वादों को भी पूरा करने के लिए कार्य योजनाओं को तैयार कर रहे हैं।

## कर्नल राठौड़ ने हरिराम रेवाड़ और नितीश कुमार को दी श्रद्धांजलि

**जयपुर।** सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में वीरगति को प्राप्त कोटपूतली बहरोड़ और नागौर निवासी लांस नायक नितीश कुमार व हवलदार हरिराम रेवाड़ को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

कर्नल राठौड़ ने कहा, मां भारती के अमर सपूतों के सर्वोच्च बलिदान पर हम सभी भारतवासियों को गर्व है। कृतज्ञ राष्ट्र सदा सर्वदा उनका ऋणी रहेगा। हमारे अदम्य साहसी जवानों ने परिवार से पहले राष्ट्रहित को सर्वप्रथम सर्वोपरि रखा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ईश्वर से अमर बलिदानियों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोक संतप्त परिवारों की दुःख की इस घड़ी में साहस प्रदान करने की कामना की।

युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सम्मान समारोह में शामिल हुए। कर्नल राठौड़ ने इस अवसर पर राजस्थान की प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ी सुशीला मीणा का उत्साहवर्धन कर सम्मानित और प्रोत्साहित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कर्नल राठौड ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश के युवा विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

# योग क्रांति के बाद अब पंच क्रांतियों का शंखनाद : स्वामी रामदेव

**जयपुर/हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण की उपस्थित में पतंजलि संस्थान का 30वाँ स्थापना दिवस पतंजलि वैलनेस, हरिद्वार स्थित योगभवन सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर के पतंजलि योगपीठ संगठन के 6000 से अधिक प्रभारीगणों की उपस्थिति में स्वामी रामदेव ने विगत 30 वर्षों की सेवा, संघर्ष व साधना से परिचय कराया तथा पतंजलि योगपीठ की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग क्रांति की सफलता के बाद पञ्च क्रांतियों का शंखनाद करते हुए कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, वैचारिक-सांस्कृतिक व रोगों-भोगों-ग्लानि-कुण्ठाओं से आजादी का बड़ा कार्य पतंजलि से प्रारंभ करना है।

उन्होंने कहा कि आज 50 से 90 और कहीं-कहीं तो 99 प्रतिशत पढ़े-लिखे बेरोजगार, नशेड़ी, चरित्रहीन निस्तेज बच्चे तैयार हैं जिनका बचपन, यौवन और हमारा कुलवंश खतरे में है। हमने यह तय किया है कि पहले भारतवर्ष में और फिर पूरी दुनिया में नई शिक्षा व्यवस्था का शंखनाद करेंगे और उसका नेतृत्व भारत करेगा। पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड अब नये प्रतिमान गढ़ेंगे। हमारा संकल्प है कि हम आगामी पाँच वर्षों में 5 लाख विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से जोड़ेंगे। ये शिक्षा की अभिनव क्रांति होगी।

हमें बच्चों को केवल शब्दबोध नहीं कराना है, शब्दबोध के साथ विषयबोध, आत्मबोध, सत्यपरक भारतबोध व अपने गौरव का बोध कराना है। हम हिन्दी, अंग्रेजी व संस्कृत में पूरे विश्व की जानकारियों का समावेश करेंगे, पूरे विश्व के साथ अपडेट रखेंगे लेकिन उसमें भी 80 प्रतिशत कन्टेंट वेद, दर्शन, उपनिषद्, पुराणों का होगा, भारत के गौरव का होगा। उसमें अध्यात्म विद्या होगी, सनातन बोध होगा, भारत बोध होगा। यह मैकाले का एजुकेशन सिस्टम नहीं है। जब भारतीय शिक्षा बोर्ड से पहले एक लाख और बाद में 5 लाख स्कूल एफिलिएटिड हो जाएँगे तो भारत का बचपन और यौवन सुरक्षित हो जाएगा, यही शिक्षा की आजादी का संकल्प है। हम भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से विदेशी आक्रमणकारियों, अकबर, औरंगजेब या अंग्रेजों की झूठी महानता नहीं बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप व क्रांतिकारियों का सच्चा इतिहास पढ़ाएँगे।

रोग हमारा स्वभाव नहीं, योग ही हमारा स्वभाव है। आज पूरी दुनिया में सिंथेटिक दवा, अलग-अलग प्रकार स्टेरॉयड, पेन किलर इत्यादि खा-खाकर लोगों के शरीर खराब हो रहे हैं। चिकित्सा की आजादी के लिए पतंजलि वैलनेस, योगग्राम, निरामयम, चिकित्सालयों एवं आरोग्य केन्द्रों से लेकर, आधुनिक रिसर्च के माध्यम से ऋषियों की विरासत और विज्ञान को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने 5000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल्स व 500 से अधिक रिसर्च पेपर्स वर्ल्ड क्लास इंटरनेशनल जर्नल्स में पब्लिश करके असाध्य रोगों से मुक्ति का मार्ग दुनिया के सामने रखा है। हमारा संकल्प है कि हम लोगों को रोगी होने से बचायेंगे भी और रोग होने के बाद उन रोगों से योग-आयुर्वेद के माध्यम से लोगों को मुक्ति दिलाएँगे।

आज पूरी दुनिया में कुछ चंद मुट्ठी भर लोगों ने अपने क्रूर पंजों में पूरे अर्थतंत्र को जकड़ रखा है। हमारा लक्ष्य है समृद्धि सेवा के लिए व अर्थ परमार्थ के लिए। अभी तक पतंजलि ने शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंधान, चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण आदि में 1 लाख करोड़ रुपए की चैरिटी की है। 10 हजार से अधिक सेंटर्स के साथ 25 लाख से अधिक प्रशिक्षित योग शिक्षकों तथा 1 करोड़ कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ सेवा से यह सब राष्ट्र निर्माण व चरित्र निर्माण का सेवा कार्य हो रहा है। हमारा संकल्प है कि स्वदेशी का आंदोलन इतना बड़ा खड़ा हो कि आर्थिक लूट, गुलामी और दरिद्रता से भारत निकले तभी भारत परम वैभवशाली बनेगा। बीपी, शुगर, थायरॉइड, अस्थमा, आर्थराइटिस, स्ट्रैस, डिप्रेशन, नींद आदि बीमारियों की गोलियाँ छुड़वाकर हम देश के प्रतिवर्ष 100 से 200 लाख करोड़ रुपए बचाते हैं।

जिस भारत ने पूरी दुनियां को सर्वप्रथम संस्कृत विश्वारा का संदेश दिया वो भारत यदि वैचारिक और सांस्कृतिक गुलामी से गुजरे तो ठीक नहीं। आज भारतवर्ष हर बात पर दुनिया के उन दरिद्र देशों पर निर्भर रहता है जिनके पास केवल चंद कागज के टुकड़े, चंद डॉलर्स या पाउण्ड्स हैं। सच्चा व असली धन केवल पैसा नहीं है अपितु अच्छा स्वास्थ्य, सुखी घर-परिवार व चरित्र, योगधन व दैवीय सम्पद ही सच्चा धन है। हमें वैचारिक और सांस्कृतिक गुलामी से भारत को मुक्ति दिलानी है। इसलिए हम कहते हैं कि हमें इस सनातन धर्म को, वेदधर्म को, ऋषिधर्म को, योगधर्म को युगधर्म के रूप में बढ़ाना है। दुनियां के 500 करोड़ से ज्यादा लोग योग धर्म, सनातन धर्म में श्रद्धा रखते हैं। सब मिलकर साथ चलेंगे तो पूरी दुनिया से रिलिजियस टैररिजम, पॉलिटिकल टैररिजम और ये शिक्षा व चिकित्सा के नाम पर चल रहा आतंकवाद खत्म होगा।

दुनियां में चारों तरफ नशे का खतरनाक खेल चल रहा है। भारत में नशे के दलदल में धंसकर रोग, नशा व अश्लीलता में लोगों के जीवन तबाह हो रहा है। रोग, नशा, अश्लीलता से आजादी का हमारा संकल्प है। पतंजलि के 30 वर्ष पूर्ण होने पर यही है हमारा संकल्प है कि हम पूरे विश्व को योगमय बनायेंगे, चरित्र निर्माण करके आदर्श विश्व नागरिकों का निर्माण करेंगे।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि श्रद्धेय स्वामी के अखण्ड प्रचण्ड पुरुषार्थ से पतंजलि का योगदान आज पूरी दुनिया को प्रेरणा दे रहा है। पतंजलि में लोगों को स्वास्थ्य देने के लिए अर्थ से परमार्थ का अभियान चलाया है। पतंजलि का 100 प्रतिशत प्राफिट केवल चैरिटी के लिए है। पतंजलि के लिए भारत एक बाजार नहीं बल्कि परिवार है। पतंजलि में 500 से अधिक विश्वस्तरीय वैज्ञानिकों की टीम लगातार रिसर्च करके रोगानुसार विविध प्रकार के रस, क्वाथ, वटियाँ, कैप्सूल, व्हीट ग्रास, एलोवेरा जूस, आँवला जूस, नीम रस, गिलोय रस आदि रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड दवाइयाँ पूरी दुनिया को उपलब्ध करा रहे हैं। भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा को आधुनिक विज्ञान का प्रयोग करके जन-जन तक पहुँचाने का कार्य भी सर्वप्रथम पतंजलि ने ही किया है। आज पतंजलि ने दुनिया के 200 देशों में करोड़ों लोगों तक योग को गुफाओं व कन्दराओं से निकालकर जन-जन तक पहुँचाया है।





पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण की उपस्थित में पतंजलि संस्थान का 30वाँ स्थापना दिवस पतंजलि वैलनेस, हरिद्वार स्थित योगभवन सभागार में सम्पन्न हुआ।

- **30 वर्ष पूर्ण होने पर पतंजलि का संकल्प**
- **'आगामी पाँच वर्षों में 5 लाख विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से जोड़ने का लक्ष्य'**
- **'अभी तक पतंजलि 1 लाख करोड़ से ज्यादा की चैरिटी कर चुका है'**
- **'500 करोड़ से ज्यादा दुनिया के लोग योग धर्म, सनातन धर्म में श्रद्धा रखते हैं'**

## मुख्यमंत्री के विजनरी लीडरशिप में प्रदेश में बदल रहा शिक्षा का स्वरूप

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजनरी लीडरशिप में राज्य सरकार द्वारा शिक्षण संस्थानों में अध्ययन-अध्यापन कार्य को मजबूती प्रदान करने से लेकर कौशल विकास तक विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि शिक्षा ग्रहण के साथ ही नई पीढ़ी को वर्तमान और भविष्य के लिए तैयार किया जा सके।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राज्य में संचालित 134 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मोडल विद्यालयों में सत्र 2024-25 में प्राथमिक कक्षाओं के लिए शिक्षकों के पदों का सृजन करते हुए इन कक्षाओं के संचालन की पहल की गई। वहीं 402 पीएमश्री विद्यालयों में 3 वर्षीय पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के संचालन के साथ ही विज्ञान संकाय के चयनित 142 पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ओ-लैब (ऑनलाइन लैब ) स्थापित की गई हैं। जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने बिना किसी व्यवस्था और बिना संसाधनों के अंग्रेजी स्कूलों के केवल बोर्ड लगा दिए और बिना सोचे समझे कई जगहों के एकमात्र बालिका विद्यालय को अंग्रेजी स्कूलों में बदल दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित किए जा रहे कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार करते हुए ओपन जिम, स्मार्ट किचन एवं लोन्ड्री मशीन की स्थापना की गई। मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश में लगभग 89 हजार टेबलेट मय इंटरनेट कनेक्शन तथा 8.51 लाख साइकिल वितरित की गई।

# शीतलहर व धुंध ने बढ़ाई ठण्ड, जन जीवन प्रभावित



घने कोहरे के आगोश में गंगापुर सिटी शहर।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्र में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। रविवार को गंगापुर और आसपास के क्षेत्र में धुंध और घना कोहरा छाया रहा। सर्द हवाओं के कारण गलन और ठिठुरन बढ़ गई। यहां अब एक बार फिर कडाके की सर्दी का सितम जारी है। वहीं सुबह के समय धुंध और कोहरे का असर रहा। इसके कारण सुबह साढे 9 बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए।

गंगापुर सिटी में वेस्टर्न डिस्टरबेंस से मौसम में बदलाव देखा गया था। इससे पहले दो दिन थोडी धूप निकलने से कडाके की सर्दी से कुछ राहत मिली थी, लेकिन रविवार को मौसम में आए बदलाव के कारण फिर से सर्दी का असर बढ़ गया। रविवार को सुबह जब लोग उठे तो घने कोहरे और धुंध के आगोश में खुद को पाया। सुबह के समय सर्द हवा भी चलती दिखाई दी। जिसके कारण गलन और ठिठुरन बढ़ गई। लोग रविवार को छुट्टी के कारण सर्दी से बचने के लिए बिस्तरों में ही दुबके रहे। कोहरे के कारण लोगों को सुबह के समय कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण वाहन ड्राइवरों को लाइट जलानी पडी। वहीं तापमान में गिरावट होने और सर्द हवाओं के चलने से कडाके की सर्दी के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। लोगों की दिनचर्या भी काफी प्रभावित हो रही है। लोग देरी से बिस्तरों से उठे और इसके कारण बाजार भी देरी से खुल रहे हैं। वहीं लोग ऊनी कपडों में लिपटे नजर आए। बाजार में जगह-जगह चौराहे और गली मोहल्लों के नुक्कड पर लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचते नजर आए। रविवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री पर रहा।

कड़ाके की ठंड पडने की संभावना : मौसम विभाग की ओर से रविवार को गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्र में हल्की धुंध और कोहरे का असर रहा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक-दो दिन में यहां कडाके की ठंड पडने की संभावना है और न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट में जाने के आसार हैं।

# 13 वर्ष पुराने हत्या के मामले में वांछित स्थाई वांरटी गिरफ्तार

- **हत्या के मामले में जमानत जप्त कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**
- **13 साल से फरार ओर पुलिस थाने का वांछित था आरोपी**

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ थाना अंतर्गत लगभग 13 वर्ष पुराने हत्या के मामले गिरफ्तार आरोपी की ओर से जमानत जप्त कर फरार होने के मामले में रविवार को राजगढ थाना पुलिस ने फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शाम पांच बजे दी जानकारी में थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया ने बताया कि जमानत जप्त के बाद फरार चल रहे वांछित स्थाई वारंटी मनीष उर्फ लोडिया पुत्र प्रकाश चन्द उम्र 40 साल निवासी गगौर को गांव डोकवा के पास से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि कार्यवाही में कास्टेबल सन्दीप कुमार तथा राजेन्द्र कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। गौरतलब है 06 अक्टूबर 11 को रेशमा देवी पत्नी स्व. राम सिंह मेघवाल निवासी बागडवा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 03 अक्टूबर 2011 को वह तथा उसका पुत्र सुनील अपने घरेलू काम से गांव हरपालू आये थे, तब उसके पुत्र के पास फोन आया तो उसने कहा कि माँ उसे राजगढ जाना पडेगा, यह कहकर वह राजगढ आ गया, लेकिन शाम को घर नहीं आया। सुबह उसने गांव में चर्चा सुनी कि राजगढ होस्पीटल में एक अज्ञात लडके का शव पडा हुआ है।

जिसका पता करने के लिए वह अपने जेठ मदन लाल को साथ लेकर राजगढ आई तथा शव को देखा तो उसके पुत्र सुनील का शव था। दर्ज मामले में बताया कि उनकी गांव के सतपाल आदि से हत्या के एक मामले में रंजिश चलती है, तथा इस रंजिश के कारण सतपाल व राजकुमार, दुलीचन्द व नरेन्द्र मेघवाल आदि उसके घर आकर धमकियां दिया करते थे कि मौका मिलते ही तुम्हारे पुत्र सुनील को खत्म करेंगे। आरोप लगाया गया था कि उक्त चारों ने षडयंत्रपूर्वक उसके पुत्र सुनील की हत्या की है या करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की थी तथा आरोपी मनीष उर्फ लोडिया को गिरफ्तार किया था। तथा मामले में आरोपी की जमानत हो गई, लेकिन जमानत जप्त कर आरोपी फरार हो गया था। जिसके बाद से लगातार आरोपी की तलाश जारी थी।

## तन्वी जैन को मिला स्वर्ण पदक

**जयपुर।** एल.एल.बी. में अध्ययनरत बड़जात्या परिवार सवाईमाधोपुर की छात्रा तन्वी जैन सुपुत्री निर्मल बड़जात्या सर्राफ ने जेईसीआरसी द्वारा आयोजित 8वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तन्वी की इस उपलब्धि से न केवल परिवार का, समाज का बल्कि सवाईमाधोपुर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस सफलता का श्रेय तन्वी ने अपनी मां आरती जैन सहित परिजनों व गुरुजनों को दिया है। जो परिवार सामान्य स्नातक की डिग्री से आगे नहीं बढ़ पाया था, अब नई पीढ़ी में इसी परिवार से डॉक्टर, सीए, एमबीए आदि एलएलबी गोल्ड मेडलिस्ट बनकर प्रोफेशनल कोर्स करते हुए प्रगतिरत है।

# जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप

## चार लोग हुए गंभीर घायल, जीप को किया क्षतिग्रस्त

- **शराब ठेके की बिक्री की राशि ले जाने का लगाया आरोप, पुलिस ने किया मामला दर्ज**

**सादुलपुर,** (निसं)। शराब ठेके की रंजिश में वाहनों से पीछा कर लाठी सरियों से मारपीट कर जीप को क्षतिग्रस्त करने तथा शराब ठेके की रकम को छीनकर ले जाने के आरोप में रविवार को सिद्धमुख थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शाम पांच बजे थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि आशीष कुमार उम्र 23 साल निवासी चैनपुरा छोटा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि धानोठी छोटी तिराहे सिद्धमुख सिवानी सडक पर शराब के ठेके पर सेल्समैन का कार्य करता है।

शराब ठेका सीता देवी पत्नी विजेंद्र कुमार निवासी वार्ड नंबर 27 राजगढ के नाम से स्वीकृत सरकारी दुकान है। इससे पहले उक्त दुकान सतवीर राजपूत निवासी गांव सांगा जिला भिवानी हरियाणा के नाम से संचालित थी। जो यह दुकान कुलदीप उर्फ धोलिया, नवीन निवासी दुमकी तहसील सिद्धमुख, देबू सिंह, बंटी उर्फ बंटू सिंह व देव राजपूत निवासी ढिगारला सिद्धमुख चलाते थे। जिनसे सरकारी दुकान की गारंटी राशि पूर्ति नहीं होने के कारण आबकारी विभाग ने दुकान के लाइसेंस को निरस्त कर दिया। तथा दुकान को सरकार ने दुबारा से नए सिरे से सीता देवी पत्नी विजेंद्र कुमार के नाम से आवंटित कर दिया। दिनांक 04 जनवरी 2025 को रात्रि 9.30 बजे वह उसकी सरकारी दुकान से चार दिन की राशि राजगढ सीता देवी पत्नी विजेंद्र कुमार के घर देने के लिए जा रहा था, उसके साथ अंकित निवासी भोजाण, ललित कुमार, बंटी, मोहित उसके ठेके की कैंपर गाडी में थे। गाडी लेकर गांव दुमकी, तांबा खेडी, राजगढ के आम रास्ते पर नजदीक पहुंचे तो तीन गाडियां में सवार होकर लगभग एक दर्जन से अधिक लोग लाठी सरियों के साथ आए, जिन्होंने रास्ता पर हमारे आगे पीछे गाडियां लगाकर रोक लिया। तथा जबरदस्ती उन सभी को उनकी गाडी से घसीट कर नीचे उतार लिया। तथा जान से मारने की नीयत से लाठी सरियों से हमला किया एवं जमीन पर पटक कर उनके साथ मारपीट कर गाली उनके साथ गाली गलोच किया।

तथा कहा कि ठेकेदार विजेंद्र कुमार को जान से मारेंगे, एवं शराब ठेका नहीं चलने देने की धमकी दी तथा उनकी गाडी से शराब की बिक्री की रकम निकाल कर ले गए। तथा उनकी गाडी के शीशे लाठी सरियों से तोड दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद गाडी लेकर रवाना हुए तो आरोपियों ने अपने गाडी से पीछा कर उनकी गाडी को टक्कर मारी। जिसके कारण उनकी गाडी खेतों में चली गई और फंस गई तथा अपनी गाडी को छोडकर खेतों में छिपते हुए अपनी जान बचाई तथा ठेकेदार और पुलिस को घटना की जानकारी थी। तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गैस सलेण्डर फटने से महिला झुलसी

**टोंक।** दूनी थाना क्षेत्र के ग्राम आंवा में शनिवार शाम को खाना बनाते समय गैस भभक जाने से महिला झुलक गयी तथा गैस फटने से झोपडी जलकर हुई राख। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंवा कस्बे के सीतापुरा रोड के पास पांच साल से निवास कर रही महिला हीरा गुर्जर उम्र 45 साल जो अपनी झोपडी रहती है, जो शनिवार को सायं खाना बनाने के लिए गैस जलाने लगी तो अचानक गैस की टंकी ने आग पकड ली, जिससे महिला चपेट मे आ गई और बुरी तरह झुलस गई। महिला के चिल्लाने पर आस पास के ग्रामीणो द्वारा उसको झोपडी से बाहर निकाला और मौके पर पंहुचे आंवा सरपंच दिव्याशं भारद्वाज ने अपनी कार से उसे दूनी चिकित्सालय ले गये, जहां से गम्भीर हालत में महिला को टोंक जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बाद में गैस की टंकी फट जाने से झोपडी जलकर राख हो गई। सूत्रों के अनुसार महिला अपनी पति से दूर आंवा मे किराये से रहती थी, जहां वह चाय बेचकर अपना पालन पोषण कर रही थी।

# राजधानी जयपुर में चोरों ने 5 मकान और एक मंदिर से नकदी-जेवरात चुराए

- **जवाहर नगर, जामडोली, मुहाना, मानसरोवर और शास्त्री नगर इलाके में हुई वारदातें**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में पुलिस की गश्त व्यवस्था पर चोर सवालिया निशाना लगाकर कानून व्यवस्था को सीधी चुनौती दे रहे है। चोरों ने जयपुर शहर में पांच मकान और एक मंदिर को निशाना बनाकर नगदी-जेवरात पार कर लिए। राजापार्क निवासी मृदुला राव ने जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से बाहर गई थी। पीछे से चोर उसके फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और नगदी जेवरात ले गए। घटना की जानकारी उसे पडौसी ने दी। इस पर पीड़ित घर पहुंची और चोरी गए सामान की जानकारी पुलिस को दी। चोर मकान से गले का हार, दो सोने के कंगन, दो कान की बालियां, सोने का सिक्का और 24 हजार रुपए ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 23 दिसम्बर की है।

दूसरी घटना में देवरस नगर जामडोली निवासी सुनील कुमार शर्मा ने कानोता थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और घर से जेवरात व नगदी ले गए। घटना 2 जनवरी की है। घटना का पता पीड़ित को परिवार के साथ वापस लौटने पर लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

तीसरी घटना में नारायण वाटिका निवासी विपुल वर्मा ने कानोता थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से नगदी व जेवरात ले गए। घटना 2 जनवरी की है। घटना का पता पीड़ित को घर लौटने पर लगा। घर लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरों के साथ अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। चौथी घटना में धौलाई रामसिंहपुरा निवासी राजेंद्र कुमार ने मुहाना थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था चोर पीछे से मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और मकान से जेवरात सहित अन्य सामान ले गए। घटना 3 जनवरी की 11 बजे से शाम पांच बजे के बीच की है।

पांचवी घटना में अमृतपुरी कालू नगर गणपतपुरा निवासी मनमोहन कांत ने मानसरोवर थाने में मामला दर्ज करवाया कि 31 दिसम्बर को परिवार के साथ बाहर गया था। 3 जनवरी को वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरों के साथ अलमारी का सामान बिखरा मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

चोर मकान से तीन सेट गले का सोने का हार, 2 सोने की चेन, 7 सोने की अंगूठियां, 5 सोने के कानों के झुमके, नाक की सोने की नथ, चांदी के अस्सी सिक्के, 250 ग्राम चांदी की बच्चे के नजरिया और डेढ़ लाख रुपए की नगदी ले गए। शास्त्रीनगर थाना इलाके में चोर मंदिर में रखे दानपात्र का ताला तोड़कर नगदी ले गए। पुलिस के अनुसार डीपी कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश बुरबुटिया ने मामला दर्ज करवाया कि चांदपोल मोक्षधाम स्थित महाकाल भैरव और महाकाली का मंदिर है। चोर मंदिर में रखे दानपात्र का ताला तोड़कर करीब 30 हजार रुपए निकाल कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह मंदिर पहुंचने पर लगी। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

# हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कार्यवाही, चार गिरफ्तार

**पावटा।** जिला कोटपुतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर द्वारा संपूर्ण जिले में एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते अपराधियों, सक्रिय हिस्ट्रीशीटर, फायर आर्म्स एक्ट में चालान शुदा अपराधियों एवं उनके सह अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्य वाही करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में 6 अलग अलग टीमों का गठन कर 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि प्रागपुरा थाना क्षेत्र में निवासरत फायर आर्म्स में चालन शुदा अपराधियों साहित्य हिस्ट्रीशीटरो के ठिकानों पर दबिश देकर महेश सारण पुत्र शिंभूदयाल निवासी सारणो की ढाणी तन बडनगर, अमित पुत्र जयराम निवासी टीला जी मंदिर के पास खेलना, धर्मेंद्र सिंह उर्फ लाला ठाकुर पुत्र मुकेश सिंह निवासी पाचूडाला, महेंद्र पुत्र भैरूराम निवासी टसकोला, मजीद खान पुत्र रमजान निवासी प्रागपुरा, योगेश पुत्र हंसराज निवासी रामपुरा को गिरफ्तार किया गया है। एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाइयों को अंजाम दिया गया। पुलिस द्वारा अचानक चलाए गए अभियान से अपराधियों में हड़कंप मचा गया।

## श्री प्रेमभाया मंदिर में बही भक्ति रसधार

**जयपुर।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल बाजार में श्री प्रेमभाया सरकार के पौष बड़ा उत्सव मनाया गया। जिसमें श्री प्रेमभाया सरकार के ऋतु पुष्पों का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। श्री प्रेमभाया सरकार के पोष बड़ों का भोग लगाकर सांय 4:15 से भक्ति संगीत प्रारंभ हुआ। जिसमें सरस प्रभात मंडल द्वारा भक्ति संगीत प्रारंभ किया गया प्रयाशं भार्गव ने जीमो जीमो जी श्री प्रेमभाया पोष बड़ा .... नील माधव ने पार लगा ज्यो जी सांवरिया, म्हाने भूल बिसर मत जाज्यो.....से हाजरी लगाई। दीपक शर्मा ने ऐ श्याम जरा इत आ जइयो मन के मन्दिर में..... के साथ अन्य भक्तों ने युगल सरकार की भक्ति रचनाओं से भक्ति रस बरसाया।

# आंजनेय हनुमान मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव

**जयपुर।** विश्वकर्मा इलाके में स्थित रीको इंडस्ट्री एरिया सरना डूंगर में मानव सेवा संस्थान एवम श्री राधा रमण गौशाला समिति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आंजनेय अनुमान मंदिर में विशाल पौषबड़ा महोत्सव के साथ चद्दर दस्तूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे संत -महात्माओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इससे पूर्व शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में महंत परशुराम दास महाराज के सानिध्य में रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया था । जो प्रात सवा 9 बजे से प्रारंभ हुआ। सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में शनिवार को प्रात सवा 8 बजे हवन पूर्णहुति दी गई । जिसके पश्चात मंदिर प्रांगण में विशाल पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएंगा। पौषबड़ा वितरण कार्यक्रम दोपहर 12 से रात्रि 9 बजे तक जारी रहा। पौषबड़ा महोत्सव हवामहल विधायक बालमुकुंदचार्य, निम्बार्क संप्रदाय रेनवाल बड़ा मंदिर के जुगत बिहारी महाराज, सियाराम बगीची अवधेश महाराज सहित करीब साढ़े 4 हजार से अधिक संत महात्माओं ने 6 हजार श्रद्धालुओं के साथ पंगत प्रसादी ग्रहण की।

# घर से जेवरात-नकदी ले भागी नौकरानी

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में एक नौकरानी मालिक की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर अलमारी पर हाथ साफ कर गई। घर से नौकरानी जेवरात व नगदी ले गए। घटना का पता पीड़ित परिवार को वापस लौटने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार संग्राम कॉलोनी सी स्कीम निवासी राजेश ताम्बी ने मामला दर्ज करवाया कि उसके घर पर नेपाल निवासी निशा केयर टेकर का काम करती थी। उसका परिवार किसी काम से बाहर गया था पीछे से निशा ने अलमारी से सोने का हार, बच्चे के दो सोने के कड़े और नगदी लेकर चली गई। जब वे वापस लौटे तो निशा घर पर नहीं मिली। उसके मोबाइल पर सम्पर्क किया गया तो वह स्विच ऑफ आया। इस पर पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फरार स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 465 ग्राम अवैध स्मैक मामले में फरार चल रहा ट्रांसपोर्ट नगर का हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद साकिर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पूर्व में फ़ैसल कुरैशी,समीर खान व शरीफ़ को गिरफ्तार किया चुका है और साथ ही नशे से बेचान राशि 17.30 लाख रूपये की बरामद की जा चुकी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफतार साकिर और फ़ैसल कुरैशी आपस में पार्टनर है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# क्रिकेट खेल रहे युवक की हार्ट अटैक से मौत

## युवक आउट होकर पैवेलियन लौट रहा था तो सीने में दर्द हुआ

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में क्रिकेट खेल रहे एक युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक आउट होकर जब पैवेलियन लौट रहा था तो अचानक उसके सीने में दर्द हुआ। आकर वो कुर्सी पर बैठ गया और दोस्त को हॉस्पिटल चलने को कहा।

हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जोधपुर के गोशाला क्रीड़ा संगम मैदान अरोड़ा-खत्री सुपर लीग के मैच के दौरान शनिवार को यह घटना हुई। क्रिकेटर की मौत के बाद आयोजकों ने लीग रद्द कर दिया। दरअसल, शनिवाार को एमएमसी क्लब और रेड ड्रेगन टीमों के बीच मैच हो रहा था। एमएमसी क्लब की ओर से मकराना मोहल्ला, जोधपुर निवासी नीरज अरोड़ा (40) पुत्र जगदीश अरोड़ा बैटिंग करने उतरे।

नीरज अच्छी बैटिंग के बाद आउट हो गए। वे जब पैवेलियन आ रहे थे तो उनके सीने में दर्द उठा। वे कुर्सी पर आकर बैठ गए और दोस्तों को पानी पिलाने के लिए कहा। पानी पीकर दोस्त सुशील से बोले कि सीने में दर्द हो रहा है, हॉस्पिटल चलते हैं।

नीरज को एक साल पहले भी हार्ट अटैक आया था। इसलिए दोस्त ने उन्हें तुरंत कार में बिठाया और मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल के लिए रवाना हो गए, लेकिन 2 मिनट बाद रास्ते में नीरज को एक उल्टी हुई। आयोजक व दोस्तों ने सीपीआर भी दी, लेकिन नाकाम रहे। हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। लीग आयोजक रोहित अरोड़ा ने बताया कि नीरज परिवार में अपनी मां के साथ रहते हैं। उनकी 2 विवाहित बहनें है। पिता के निधन के बाद नीरज ने घासमंडी में अपनी नमकीन की दुकान का कारोबार संभाला। क्रिकेट के शौक के चलते वे हर रविवार दोस्तों के संग खेलने जाते थे।

# भीलवाड़ा में एमओयू समीक्षा बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा।** जिले में 100 करोड़ से लेकर 1000 करोड़ और 1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले एमओयू की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में "राइजिंग राजस्थान" योजना के तहत जिले में होने वाले विभिन्न निवेश परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने निवेशकों से विस्तार से चर्चा की और उनके द्वारा किए गए एमओयू को धरातल पर लागू करने में आ रही समस्याओं पर विचार विमर्श किया। इसमें भूमि आवंटन, विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यवाही, तथा अन्य समस्याओं का समाधान कैसे किया जाए, इस पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे इन एमओयू से जुडे मामलों की निरंतर निगरानी करें और इनकी प्रगति पर फॉलोअप करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे उद्यिमयों की समस्याओं का नियमानुसार और त्वरित निस्तारण करें। जिला कलक्टर ने यह भी कहा कि जो उद्यमी अपनी परियोजना के लिए भूमि की आवश्यकता रखते हैं, वे औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण करें और भूमि आवंटन के लिए कार्यालय, भीलवाडा में आवेदन करें। यदि भूमि पहले से चिन्हित की गई है, तो इसके कन्वर्जन के लिए आवेदन करें ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। नगर विकास न्यास के सचिव ने निवेशकों और उद्यिमयों से अपील की कि वे अपनी वर्तमान निवेश, उत्पादन और इकाईयों की जानकारी के साथ, बैंक अपरेजल, डीपीआर उपलब्ध के साथ आवेदन करें, ताकि भूमि की सही आवश्यकता का परीक्षण किया जा सके और भूमि आवंटन की कार्यवाही को गति दी जा सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने एमओयू की स्थिति, समस्याओं तथा प्रशासन की ओर से सहयोग के बारे में जानकारी ली। साथ ही, उद्यिमयों को आश्वस्त किया गया कि प्रशासन उनकी परियोजनाओं को धरातल पर लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। महाप्रबंधक श्री के.के. मीना ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, "एक जिला, एक उत्पाद" नीति, नीति-2024 और निर्यात प्रोत्साहन नीति के बारे में जानकारी दी। इस बैठक में सुदिवा स्पिनर्स, चारभुजा इस्पात इंडिया लिमिटेड, केयरजोन एठोकेम, मान रिन्यूएबल, शारदा ग्लोबल प्रा.लि., ज्योति शिक्षण संस्थान, एआईएचएमएल, अर्नेस्ट फॉर्म्स प्रा.लि. के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी जैसे एवीवीएनएल, रीको, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, कृषि, ओएसडी यूआईटी, तकनीकी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा और सीएमएचओ उपस्थित रहे।

## युवक से लूटपाट

**जयपुर।** बस्सी इलाके में कार सवार दो बदमाशों ने बाइक सवार युवक को रोका और मारपीट कर नकदी व अन्य सामान लूट कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार दुलारावजी निवासी सचिन कुमार शर्मा बाइक से अपने घर लौट रहा था। धामस्या में सड़क पर खड़े कार सवार दो बदमाशों ने उसे रोका और मारपीट कर उससे मोबाइल, कपड़े, बैग, ईयर बड्र्स, 2000 रुपए, 3 डेबिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य सामान छीनकर फरार हो गए। घटना 28 दिसम्बर की रात की है। इस पर पीडित ने अगले दिन थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस पीडित द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# टांके लगवाने के लिए बच्ची को 40 किमी दूर भरतपुर ले गए परिजन



घायल बच्ची गुन्नु।

गुन्नु दोपहर को खेलते समय अचानक गिर गई, जिससे उसकी नाक और आंख में चोट आ गई।

**रुदावल** (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले के रुदावल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने सरकार की योजनाओं को मजाक बनाकर रख दिया है। सीएचसी के कार्मिकों द्वारा की गई लापरवाही के चलते एक मरीज के परिजनों को खेलते समय बच्ची को लगी चोट पर टांके लगवाने के लिए 40 किमी दूर भरतपुर जाना पड़ गया।

रुदावल कस्बे में सीएचसी का यह मामला शुक्रवार दोपहर का है, जब एक व्यक्ति अपनी भतीजी के इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा तो वहां मौजूद नर्सिंगकर्मी ने उसे यह कहकर लौटा दिया कि अस्पताल में टांके लगाने के लिए सुई धागा उपलब्ध नहीं है, इसलिए बच्ची को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल ले जाओ। कस्बा रुदावल निवासी सतीश सक्सैना ने बताया कि मेरी भतीजी इलाज के लिए जब उसे रुदावल चिकित्सालय ले जाया गया तो वहां मौजूद नर्सिंगकर्मी एवं चिकित्सक ने बच्ची को देखकर कहा कि हमारे पास टांके लगाने के लिए सुई धागा नहीं है।

इसलिए आप बच्ची को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल ले जाओ। रुदावल में बच्ची को प्राथमिक उपचार तक नहीं दिया गया। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर आरबीएम अस्पताल पहुंचे, जहां बच्ची का इलाज किया गया। पीड़ित ने बताया कि बच्ची को भरतपुर आरबीएम अस्पताल ले जाने के लिए रुदावल अस्पताल की तरफ से एम्बुलेंस की व्यवस्था भी नहीं करवाई गई। जिस पर बच्ची को किराए की गाड़ी से उसे आरबीएम अस्पताल लेकर गए। पीड़ित ने बताया कि उसने इस मामले की शिकायत स्थानीय विधायक, कलेक्टर, एडीएम एवं बीसीएमओ से भी की है।

चिकित्सा विभाग में लापरवाही हुई आम बात-चिकित्सालयों में लापरवाही अब आम बात होती जा रही है, दो दिन पूर्व बंशी पहाड़पुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उपखण्ड अधिकारी रूपवास विष्णु बंसल की ओर से निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। वहीं चिकित्सालय के दवाई के स्टोर रूम में गंदगी एवं गुटखा के पीक तक पाए गए। हाजिरी रजिस्टर में कार्मिक की आगे की तारीख तक के हस्ताक्षर किए हुए थे। इस मामले को लेकर रूपवास ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लखन चौधरी का कहना है कि चिकित्साकर्मियों की इस तरह की लापरवाही हुई है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



कोहली भारतीय टीम में रहने के हकदार नहीं, गलतियां सुधारने पर मेहनत नहीं की। उन्होंने अपनी तकनीकी कमियों को सुधारने के लिये ना तो घरेलू क्रिकेट खेली और ना ही मेहनत की।

-इरफान पठान

पूर्व भारतीय गेंदबाज, विराट कोहली की खराब फॉर्म के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ सुनील गावस्कर



**महान** बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने और एलेन बॉर्डर के नाम पर दी जाने वाली ट्रॉफी आस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान करने के लिये बुलाये नहीं जाने पर नाराजगी जताई है। आस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हराकर दस साल में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती। बॉर्डर ने आस्ट्रेलियाई टीम को ट्रॉफी प्रदान की जबकि उस समय मैदान पर मौजूद होने के बावजूद गावस्कर को बुलाया नहीं गया। गावस्कर ने बाद में कोड स्पोटर्स से कहा, ' मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत टी-20 इतिहास में एक कैलेंडर वर्ष में 200 छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई, ऐसा उसने 2024 में किया।

## हमने ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी, अनुभव खिलाड़ियों को भविष्य में आयेगा काम

सिडनी, 5 जनवरी। भारत को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली 3-1 से हार को लेकर जसप्रीत बुमराह ने कहा कि हमने ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया वे जीत के हकदार



थे इस दौरे का अनुभव भारतीय खिलाड़ियों को भविष्य में काम आएगा। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में बुमराह ने कहा, हम एक गेंदबाज कम थे इसलिए अन्य गेंदबाजों के ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारी थी। हमें भरोसा बनाये रखना था। पहली पारी में भी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया था। हमने इस सीरीज में कड़ी टक्कर दी, आज भी हम खेल बने हुए थे। इस सीरीज से काफी कुछ सीखने को मिला है। हमारी युवा खिलाड़ी ने जो कुछ सीखा है इसका लाभ भी भविष्य में मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया इस जीत का हकदार है और उन्होंने इस सीरीज में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हम दोबारा एकत्रित होंगे और आगे का सफर तय करेंगे।

## 'बंगाल की खाड़ी में 150 किमी. की तैराकी के लिए गोली श्यामला की सराहना'


हैदराबाद, 5 जनवरी। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के समरलाकोटा की मूल निवासी व तैराक गोली श्यामला को बंगाल की खाड़ी में लगभग



150 किलोमीटर की तैराकी करने की असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। गौरतलब है कि श्यामला ने विशाखापत्तनम से काकीनाडा तक की यह असाधारण यात्रा एक सप्ताह में पूरी की। दत्तात्रेय ने उनकी बहादुरी और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की और उन्हें सभी उम्र के लोगों के लिए एक प्रेरणा तथा रोल मॉडल बताया। उन्होंने समुद्र में तैराकी के प्रति उनके जुनून पर प्रकाश डाला, जो एक शौक के रूप में शुरू हुआ था और बाधाओं को तोड़ने तथा यह साबित करने के लिए उनकी सराहना की कि साहसिक कार्य के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। राज्यपाल ने श्यामला की पिछली उपलब्धियों का भी उल्लेख किया, जिसमें राम सेतु के पास चुनौतीपूर्ण तैराकी और श्रीलंका एवं लक्षद्वीप में उनके कौशल का प्रदर्शन शामिल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह भविष्य में और भी साहसिक कारनामे करती रहेंगी।

## सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता : राजस्थान ने जीते दो रजत पदक

जयपुर, 5 जनवरी। सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रिकर्व कैटेगरी के फाइनल मुकाबले खेले गए। आज के फाइनल मुकाबलों में राजस्थान की टीम ने



शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए। मुख्य परिणाम: मिक्स्ड टीम इवेंट: राजस्थान की टीम ने फाइनल में जोरदार मुकाबला किया, लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। व्यक्तिगत छात्रा वर्ग: प्रांजल ठोलिया ने व्यक्तिगत श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विजेता खिलाड़ियों को मेडल से सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा पोडियम सेटअप, जिसे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बहुत कम देखा जाता है। राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि मेडल सेरेमनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के चिकित्सा मंत्री श्री बलवंत सिंह थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, "ऐसे आयोजनों से प्रदेश की प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है और नई पीढ़ी को खेलों में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होते हैं।" समारोह की अध्यक्षता राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष के.के. जादम ने की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान परमेश्वरी चौधरी, भंवर लाल व्यास, दिनेश कुमावत, और गंगा सिंह गुर्जर सहित खेल जगत से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजन समिति से जुड़े अनिल जोशी ने जानकारी दी कि कल से कंपाउंड कैटेगरी के मुकाबले शुरू होंगे।यह प्रतियोगिता 3 से 10 जनवरी 2025 तक आयोजित हो रही है, जिसमें देशभर से युवा तीरंदाज भाग ले रहे हैं।

# भारत को छह विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल में

सिडनी, 5 जनवरी। स्कॉट बोलैंड (छह विकेट) के बाद उस्मान ख्वाजा (41), बो वेब्स्टर (नाबाद 39) और ट्रैविस हेड (34) की शानदार जूझारू पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया रविवार को पांचवें और अखिरी टेस्ट मैच में भारत को छह विकेट से हरा कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंच गई है।

आज यहां भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की जकड़न के कारण ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं करने उतरे और ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें टेस्ट मैच में जीत दर्ज करते हुए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी 3-1 से अपने नाम कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को फिर से हासिल की है। स्कॉट बोलैंड 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे वही जसप्रीत बुमराह को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए सैम कॉन्स्टास और उस्मान ख्वाजा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 39 रन जोड़। चौथे ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने कॉस्टान (22) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।



इसके बाद मार्नस लाबुशेन (छह) और स्टीव स्मिथ (चार) को भी प्रसिद्ध कृष्णा ने अपना शिकार बनाया। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट उस्मान ख्वाजा (41) के रूप में 104 के स्कोर पर गिरा। उन्हें मोहम्मद सिराज ने आउट किया। इसके बाद ट्रैविस हेड (नाबाद 34) और बो वेब्स्टर (नाबाद 39) ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया को 27वें ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

भारत की ओर प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन विकेट लिये। एक खिलाड़ी को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। इससे पहले भारत ने कल के छह विकेट पर 141 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में पैट कमिंस ने रवींद्र जडेजा (13) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया का दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद संघर्ष कर रहे वॉशिंगटन सुंदर (12) को पैट कमिंस ने बोल्ड आउट कर पवेलियन भेज दिया। मोहम्मद सिराज (चार) और जसप्रीत बुमराह (शून्य) स्कॉट बोलैंड का शिकार बने।

भारत ने के स्कोर में मात्र 16 रन जोड़ कर अपने चार विकेट गवां दिये और पूरी टीम 39.5 ओवरों में 157 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर स्कॉट बोलैंड ने छह विकेट लिये।

## खो-खो विश्वकप के लिए विदेशी टीमों को प्रशिक्षित कर रहे भारतीय कोच

नई दिल्ली, 5 जनवरी। खो-खो विश्वकप में भाग लेने वाली सभी विदेशी टीमों को भारतीय कोच प्रशिक्षित कर रहे है। खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने रविवार को बताया कि आयोजन समिति ने खो खो विश्वकप में हिस्सा लेने वाले एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका से संबंधित देशों की खो खो टीमों को फिटनेस, खेल नियमों और नवीनतम खेल तकनीकों के लिए प्रशिक्षित भारतीय कोचो को नियुक्त किया गया हैं। उन्होंने कहा यह कोच अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया, पोलैंड, हॉलैंड, पेरू, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मलेशिया, भूटान और नेपाल देशों में तैनात किये गए हैं। उन्होंने कहा कि इन कोचों के लिए एयर टिकट, रहने-खाने आदि की सभी व्यवस्था खो खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति द्वारा की गई है हालांकि कुछ देशों की खो खो फेडरेशनों द्वारा इन कोचों को स्थानीय सुविधाएं या ठहरने की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने खिलाडियों और सपोर्ट स्टाफ के प्रशिक्षित और कैपेसिटी बिल्डिंग करने के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किया है। उन्होंने कहा क्वालिफाइड कोचों को नवीनतम अंतरराष्ट्रीय खेल नियमों, स्पोर्ट्स रेगुलेशन, तकनीकी आदि के बारे में नियमित रूप से गहन वर्कशॉप / प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है।

# गंभीर ने रोहित और विराट का किया बचाव





सिडनी, 5 जनवरी। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का बचाव करते हुए खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और जुनून की सराहना की। उन्होंने कहा कि अभी उनमें काफी भूख शेष है और भविष्य में वे जो भी फैसला लेंगे वह भारतीय क्रिकेट के हित में होगा। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में गंभीर ने कहा, मैं किसी खिलाड़ी के भविष्य पर बात नहीं कर सकता। यह उनके ऊपर है। हां, मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि उन दोनों में अभी काफी भूख शेष है, उनके अंदर जुनून है और दोनों मानसिक तौर पर भी बेहद मजबूत खिलाड़ी हैं। लेकिन जैसा कि हम सभी जानते हैं वह जो भी फैसला लेंगे वह भारतीय क्रिकेट के हित में होगा।

गंभीर ने कहा, पहली बात तो यह कि हर खिलाड़ी अपने खेल को समझता है और उसे पता होता है कि उसके भीतर कितनी भूख है। यह बात केवल खेल ही नहीं किसी भी पेशे में लागू होती है। मायने यह रखता है कि आपके अंदर कितना जज्बा है, कितनी भूख है। आपके योगदान से टीम को फायदा पहुंच पा रहा है या नहीं। क्योंकि अंत में यह मेरी या आपकी नहीं बल्कि देश की टीम है। मुझे विश्वास है कि हमारी टीम में ईमानदार खिलाड़ी हैं जो यह जानते हैं कि उनके भीतर कितनी भूख बची हुई है। उन्होंने आखिर टेस्ट में रोहित के बाहर बैठने के फैसला का बचाव करते हुए कहा, जब चीजें ठीक से काम नहीं कर रही हों तो उसे स्वीकार करना और टीम के हित के लिए पीछे हट जाना बहुत साहस की बात है।

उन्होंने कहा, खेल में काफी चीजें बदलती हैं, लोग बदलते हैं, फॉर्म बदलती है। और हम जानते हैं कि पांच महीने का समय लंबा होता है। इसलिए हमें इंतजार करना चाहिए। लेकिन जो भी होगा वो भारतीय क्रिकेट के हित में होगा।

उन्होंने कहा, जहां तक मेरा सवाल है तो मैं मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि मैं सबसे समान भाव से पेश आऊं। अगर मैं एक या दो खिलाड़ियों के प्रति विशेष प्रेम जताऊंगा तो यह अपने कर्तव्य के साथ बेईमानी होगी। फिर चाहे वह किसी खिलाड़ी ने पदार्पण नहीं किया हो या किसी ने 100 टेस्ट मैच खेले हैं, मुझे हर खिलाड़ी के साथ समान भाव से पेश आना होगा।

# सुशीला मीणा को सम्मानित कर आरसीए ने गोद लिया

### जयपुर में प्रशिक्षण के साथ शिक्षा, आवास व मूलभूत दैनिक सुविधाओं की व्यवस्था भी आरसीए करेगा

जयपुर, 5 जनवरी। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन व सहयोग से आरसीए एडहॉक कमेटी राजस्थान में खेल के विकास व उत्थान के लिए गहन प्रयासरत है व उसका हमेशा से प्रयास रहा है की राज्य के कोने कोने से प्रतिभावान खिलाडियों की प्रतिभा को पहचान उन्हें उचित अवसर प्रदान किया जाये ।

इसी कड़ी में आज राजस्थान क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटी ने राज्य के प्रतापगढ़ जिले की प्रतिभावान युवा महिला खिलाड़ी सुशीला मीणा के भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु आरसीए द्वारा राज्य के केबिनेट मंत्री राज्य वर्धन सिंह राठौर, जोगाराम पटेल व हेमंत मीणा की उपस्तिथि में आयोजित सम्मान समारोह में सुशीला मीणा को सम्मानित किया व आरसीए ने सुशीला मीणा को गोद लेकर जयपुर मे अपनी देखरेख मे प्रशिक्षित कोचों की निगरानी मे विषेश प्रशिक्षण सहित उसके आवास व अन्य मूलभूत सुविधाओ की



जयदीप बिहाणी के अनुसार भारत रत्न व महान क्रिकेट खिलाडी सचिन तेंदुलकर द्वारा राज्य (प्रतापगढ़) की युवा प्रतिभावान महिला खिलाडी के गेंदबाजी एक्शन व प्रतिभा की प्रशंसा के बाद आरसीए एडहॉक कमेटी, चित्तौड़गढ़ सांसद सी पी जोशी, प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री हेमंत मीणा, प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ सचिव पिंकेश पोरवाल ने सुशीला मीणा की जबरदस्त प्रतिभा के सम्बन्ध मेंमुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को अवगत कराया व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार आरसीए द्वारा आज युवा महिला खिलाड़ी के भविष्य को संवारने हेतु विषेश प्रशिक्षण हेतु गोद लिया गया।

जयदीप बिहाणी ने बताया की आज दोपहर 12:30 आरसीए अकादमी पर आयोजित सम्मान समारोह में राज्य के खेल मंत्री (कैबिनेट) कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर, कानून मंत्री (कैबिनेट) जोगाराम पटेल, प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा, आरसीए एडहॉक कमेटी, प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ सचिव पिंकेश पोरवाल एवं समस्त जिला क्रिकेट संघों के प्रतिनिधि व सुशीला मीणा के परिजन मौजूद रहे। सम्मान समारोह का संचालन प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ सचिव पिंकेश पोरवाल द्वारा किया गया व उन्होंने बताया की समारोह में आरसीए द्वारा सुशीला मीणा की समस्त जिम्मेदारी उठाने का अधिकृत पत्र खिलाडी के पिता को सौंपा गया व आरसीए ने सुशीला के प्रशिक्षण हेतु क्रिकेट किट भी सौपा गया।

खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने सुशीला मीणा की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा की राजस्थान बड़ा राज्य है व राज्य के कोने कोने में खेल के हर क्षेत्र की बहुत से प्रतिभाएं छिपी हुई हैं जिन्हे बस एक उचित अवसर की तलाश है। राज्यवर्धन ने कहा की राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व हमारी हमेशा कोशिश रही है की हम राज्य की इन प्रतिभाओं को ढूंढ कर न केवल उन्हें सम्मानित करें साथ ही उनको उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराकर उनके विशेष प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करें जिससे उनकी प्रतिभा को समस्त खेल जगत देख सके व वे खिलाडी अपने प्रदर्शन से देश व राज्य का नाम रोशन कर सके।

# क्रिकेट के भगवान सचिव तेंदुलकर मेरे लिए भगवान समान : सुशीला मीणा



जयपुर, 5 जनवरी। हालिया सोशल मीडिया से चर्चा में आई क्रिकेटर सुशीला मीणा को आज जयपुर में सम्मानित किया गया। सुशीला मीणा को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने गोद लिया है और अब वे जयपुर में क्रिकेट की बारीकियों को और भी अधिक सीखेंगी। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से मुझे गोद लिया है। एडहॉक कमेटी के संयोजक विधायक जयदीप बिहानी ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेरी पढ़ाई, कोचिंग और खेल से जुड़ा सारा खर्च वहन करेगा। यह कदम प्रदेश की अन्य प्रतिभाओं के लिए भी एक प्रेरणा साबित होगा।

मैं मुख्यमंत्री, खेलमंत्री, आरसीए के साथ सभी का आभार करती हूं जिन्होंने मुझे ये सम्मान दिया है। और मै सबसे ज्यादा सचिन तेंदुलकर की अहसानमंद हूँ जिन्होंने मेरे वीडियो को पसंद किया । उन्ही के कारण मुझे आज क्रिकेट में पहचान बनी। मै जिंदगीभर मेरे सचिन भगवान की आभारी रहूँगी। मैं राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के धरियावद तहसील के गांव रामेर तालाब पिपरिया की रहने वाली हूं। मै पांचवी कक्षा की छात्रा हूं। मैं क्रिकेट की शौकीन हूं। मैं एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हूं। माता-पिता मजदूरी और खेती से जीविका चलाते हैं। मेरे पिता का नाम रतनलाल पागजी और मां शांति बाई मीणा हैं। मैं स्कूल स्तर पर होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती रहती हूँ। सुशीला में क्रिकेट की समझ कोच इश्वरीलाल के कारण आई। वह नहीं जानती कि तेंदुलकर कौन हैं। उनके पास न तो टीवी है और न ही ऐसा कोई माध्यम जिससे वह क्रिकेट देख सकें। सुशीला ने क्रिकेट के बारे में सिर्फ अपने कोच से सुना जो उसे गेंदबाजी सिखाते हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफी में सिक्किम ने राजस्थान को रोमांचक मैच में हराया

जयपुर, 5 जनवरी , बीसीसीआई की मुंबई में खेली जा रही राष्ट्रिय विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी में आज सिक्किम ने राजस्थान को रोमांचक मैच में 6 रनो से हराया।सिक्किम पारी 275 /5 टीम के लिए पार्थ 80 व आशीष थापा 73 रनो का योगदान दिया।राजस्थान के गेंदबाज राहुल चाहर 77 /2 , खलील अहमद, अजय कुकना , मानव सुथार प्रत्येक 1-1 विकेट प्राप्त किये।

लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान टीम कप्तान मानव सुथार व अजय कुकनाके साहसी अर्धशतकीय पारियों के बावजूद रोमांचक मैच में 269 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी। टीम के लिए मानव सुथार 57, अजय कुकना56, राजकुमार सैनी 49, कार्तिक शर्मा 46, शुभम गढ़वाल 30 व समर्पित जोशी 18 रनो का योगदान दिया। सिक्किम के गेंदबाज अंकुर35 /4 विकेट प्राप्त किये।

**अंडर 23 टी20 ट्रॉफी में राजस्थान ने बिहार को हराया**

राजस्थान की जीत में उषा परेरिया, सिद्दी शर्मा व शानू चमकी

बीसीसीआई की राष्ट्रिय महिला अंडर 23 टी 20 ट्रॉफी के आज खेले गए राजस्थान - बिहार मैच में राजस्थान ने बिहार को 5 विकेट से हराया।बिहार पारी 44 आल आउट राजस्थान की गेंदबाज उषा परेरिया 7/4, शानू 8/2, सिद्दी शर्मा 13/2 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान पारी 45 /5, टीम के लिए कृतिका 22, सिद्दीशर्मा नाबाद 5 व दीक्षा नाबाद 4 रनो का योगदान दिया।

**अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्री क्वाटर फाइनल**

बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के खेलेजा रहे राजस्थान - बंगाल प्री क्वाटर फाइनल के तीसरे दिन का स्कोर, राजस्थान पहली पारी 291 आल आउट, टीम के लिए यथार्थ भारद्वाज 131, शिफॉन 45, आलोक 19, रजत 16, एँम खान 15, आदित्य वाधवा 15 व एकांश शर्मा 14, पुरु देवद्वाल 14 रनो का योगदान दिया।तीसरे दिन के खेल समाप्त होने तक का स्कोर, बंगाल पहले पारी, 498 /8, राजस्थान के गेंदबाज एकांश शर्मा 110 /3, आदित्य वाढवाल 98 /2, सुजल, एम खान व पुरु देवद्वाल प्रत्येक 1-1 विकेटप्राप्त किये।

## सबालेंका ने कुडरमेतोवा को हराकर जीता ब्रिस्बेन इंटरनेशनल का खिताब

लंदन, 5 जनवरी। आर्यना सबालेंका ने रविवार को फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए रूस की पोलिना कुडरमेतोवा को हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम कर लिया है। आज यहां एक घंटे 47 मिनट में तक चले मुकाबले में बेलारुस की आर्यना सबालेंका ने रूस की कुदेरमेतोवा पर 4-6, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की।

## 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की अगुवाई

नई दिल्ली, 5 जनवरी। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज गुजरात के पोरबंदर में अपने निर्वाचन क्षेत्र उपलेटा में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की पहल की अगुवाई की।

## आईआईएस, यूडब्ल्यूडब्ल्यू के साथ अंतराष्ट्रीय कुश्ती शिविर का करेगा आयोजन

बेल्लारी (कर्नाटक), 5 जनवरी। इंस्पायर इंस्टीट्ययूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के सहयोग से महिला पहलवानों के लिए 15 से 30 जनवरी तक अंतराष्ट्रीय कुश्ती शिविर का आयोजन करेगा। आईआईएस ने रविवार को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के साथ मिलकर महिला पहलवानों के लिए अपनी तरह के पहले अंतरराष्ट्रीय कुश्ती शिविर आयोजित करने की घोषणा की । भारत में कुश्ती को बढ़ावा देने के होने वाले इस शिविर में एस्टोनिया, मॉरीशस, कजाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, मंगोलिया, जॉर्डन, किर्गिस्तान और नामीबिया सहित आठ से अधिक देशों के शीर्ष 30 पहलवान और आठ कोच हिस्सा लेंगे। इसमें मदीना कुआनिशबेक (मंगोलिया), अरुके कादिरबेक काजी (किर्गिस्तान) और लिसेट बोएटकर (एस्टोनिया) जैसे प्रसिद्ध पहलवान शिविर में भाग लेंगे।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पहले वनडे मैच में नौ विकेट से हराया



वेलिंगटन, 5 जनवरी। मैट हेनरी (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद विल यंग (नाबाद 90) रनों की बेहतरीन पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने रविवार को पहले एकदिवसीय मैच में श्रीलंका को 142 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 19 रन देकर चार विकेट झटकने वाले न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

श्रीलंका के 178 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रन जोड़े। 13वें ओवर में चामिंदु विक्रमासिंघे ने रचिन रविंद्र को हसरंगा के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। रचिन रविंद्र ने 36 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्क चैपमैन ने विल यंग के साथ शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरात हुए दूसरे विकेट लिए अविजित 87 जोड़कर अपनी टीम को महज 26.2 ओवरों में 180 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। विल यंग ने 86 गेंदों में (90) और मार्क चैपमैन 36 गेंदों में (29) रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की ओर से एकमात्र विकेट चामिंदु विक्रमासिंघे को मिला।

## 10 मीटर पिस्टल ईवेन्ट में राजस्थान के खिलाड़ियों ने किये पदक अपने नाम

जयपुर, 5 जनवरी। डा. करणीसिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद नई दिल्ली पर आयोजित 67वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता राईफल 2024 में 10 मीटर




पिस्टल व्यक्तिगत व जुनियर पुरूष मैन केटेगिरी में आकाश भारद्वाज, ओमप्रकाश मिठारवाल व योगेश कुमार की जोडी ने सिल्वर पदक अपने नाम किया। 10 मीटर पिस्टल जुनियर मैन सिविलियन चैम्पियनशीप में मयंक चौधरी, आर्यन कुमार व अंशुल की जोडी ने जीता कांस्य पदक एव 10 मीटर पिस्टल जुनियर मैन नेशनल चैम्पियनशीप टीम केटेगिरी में अमित शर्मा, सन्दीप बिश्नोई, व उमेश चौधरी की जोडी ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया।

# क्रिकेट की बात को लेकर नांदू और बियानी में नोंकझोंक

जयपुर, 5 जनवरी। राजस्थान क्रिकेट एकेडमी में आज सुशीला मीणा के सम्मान समारोह के लिये एकेडमी पर एकत्रित हुए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी जिनमें नागौर क्रिकेट जिले के सचिव राजेन्द्र नान्दू ओर एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बियानी के बीच क्रिकेट की बात को लेकर नोकझोंक हो गई। राजेंद्र नान्दू ने कहा कि मुझ से किसी ने पूछा कि राजस्थान में क्रिकेट के क्या हाल है? मैंने कहा कि क्रिकेट की क्या बात करे, क्रिकेट तो बर्बाद हो गया।

जिस पर जयदीप बियानी ने कहा कि मुझे बताओ कि किस तरह राजस्थान में क्रिकेट बर्बाद है? तब मैंने कहा कि यहां अधिकतर जिलो के सचिव आये हुए है, इन सभी को सब मालूम है इन्हें बताने की जरूरत नही है। यहां पर कोई मीटिंग नही हो रही है। मैं सालभर बाद स्टेडियम आया हूं। बियानी ने कहा कि में एडहॉक कमेटी का कन्वीनर हूँ मुझे बताओ। आप कैसे कह सकते हो की क्रिकेट बर्बाद है। मैं जाने लगा तो पीछे से बियानी कहने लगे कि नान्दू को धक्के मारकर भर निकालो, तब में वही कुर्सी पर बैठ गया। मुझे किसी ने भी धक्के नही दिए। जब मैं वापस लौट रहा था तो बियानी ने मुझे अपशब्द कहे जो उन्हें शोभा नही देता है।





**नान्दू द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद और निराधार है :** बियानी ने कहा कि नान्दू ने आरोप लगाया कि एडहॉक कमेटी ने आरसीए का बट्टा बैठा दिया, तब मैंने कहा कि हमने सारे लोकल टूर्नामेंटो से लेकर राष्ट्रीय टूर्नामेंटो का सफल आयोजन करवा लिया है। 2000 खिलाड़ियों के खाते खुलवा कर सीधे उनके खाते में पैसे पहुचाने का काम किया।

एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहानी का कहना है कि सरकार ने सरकार ने क्रिकेट को दुरुस्त करने के लिए कमेटी बनाई थी, आज क्रिकेट सुचारू रूप से चल रहा है। राजस्थान के खिलाड़ियों का खेल प्रदर्शन सबके सामने देखने को मिल रहा है। एडहॉक कमेटी में हो रहे विवाद के बारे में जयदीप बिहानी ने बताया कि कमेटी अपना काम अच्छे ढंग से कर रही है। जब एडहॉक कमेटी बनी तब आरसीए के पास तो कर्ज़ा ही था। हमने बीसीसीआई से पैसा लाकर कर्मचारियों और खिलाड़ियों के खातों में पहुचाये। अगर नागौर की बात करे तो अभी तक 17 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उन्होंने क्रिकेट टूर्नामेंटों में भाग लिया है। आरसीए में सभी जिला संघो से मिलकर बनी है, इसमे सभी जिला संघो का हिस्सा है। कन्वीनर होने के नाते कह सकता हूं कि नान्दू द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद और निराधार है।

# आज राइज़िंग राजस्थान एम.ओ.यू. की समीक्षा करेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल

## मुख्यमंत्री स्तर पर पहली समीक्षा 1,000 करोड़ रूपए से अधिक निवेश वाले एम.ओ.यू. की होगी

जयपुर, 5 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हस्ताक्षिरत हुए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने के लिए समीक्षा बैठक करेंगे।

- **कृषि, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग व वाणिज्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खनन, पर्यटन और नगरीय विकास व आवासन विभाग के 124 एम. ओ.यू. के क्रियान्वयन पर विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट ली जायेगी।**

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री कृषि, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग एवं वाणिज्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खनन, पर्यटन और नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के 124 एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत कुल 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए थे। जिसके बाद इन एमओयू के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने त्रि-स्तरीय समीक्षा व्यवस्था की पहल की थी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हो रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के कारोबारी एवं व्यापारिक माहौल को निवेशकों के अनुरूप बनाने के लिए बड़े बदलाव किए हैं। प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना, नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को भू-खण्ड आवंटन किए गए हैं। साथ ही, निवेश को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 एवं अन्य 9 नई नीतियां भी जारी की गई हैं। राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए निवेश एमओयू को जमीन पर उतारने की प्रगति रिपोर्ट दिसंबर 2025 में प्रदेशवासियों के सामने प्रस्तुत की जाएगी।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा*

## चौबीस घंटे में यूक्रेन के 340 सैनिक मरे, 4 टैंक नष्ट

मॉस्को, 05 जनवरी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने पिछले 24 घंटों में कुर्स्क दिशा में अपने 340 सैनिकों और चार टैंकों को खो दिया है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में, यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 340 सैन्य कर्मियों की मौत हुई है। इसके साथ ही चार टैंक, पैदल सेना से लड़ने वाले तीन वाहन, चार बख्तरबंद कार्मिक वाहक, 12 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, एक बैराज वाहन, 20 वाहन और पांच मोर्टार नष्ट हो गए। कुल मिलाकर, कुर्स्क दिशा में लड़ाई के दौरान, यूक्रेन ने 49,010 से अधिक सैन्य कर्मियों, 273 टैंकों, पैदल सेना से लड़ने वाले 209 वाहनों, 153 बख्तरबंद कर्मियों के वाहक, 1,461 बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, 1,407 वाहनों, 340 तोपखाने के टुकड़ों, मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के 44 लॉन्चरों को खोया है, जिसमें 13 हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (हिमार्स) और छह एमएलआरएस, विमान भेदी मिसाइल प्रणालियों के 16 लांचर, आठ परिवहन-लोडिंग वाहन, 88 इलेक्ट्रॉनिक युद्ध स्टेशन, 13 काउंटर-बैटरी रडार, चार वायु रक्षा रडार, इंजीनियरिंग और अन्य उपकरणों की 28 इकाइयां साथ ही 14 इंजीनियरिंग क्लीयरेंस वाहन, एक माइन क्लियरिंग इंस्टॉलेशन यूआर -77, सात बख्तरबंद मरम्मत एवं रिकवरी वाहन और एक कमांड और स्टाफ वाहन शामिल हैं।

# अजमेर दरगाह में चढ़ाई गई सचिन पायलट की भेजी चादर

## केन्द्रीय रक्षा मंत्री द्वारा भेजी चादर भी अजमेर शरीफ में चढ़ाई गई

अजमेर, 5 जनवरी (कासं)। ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें सालाना उर्स के मौके पर आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की ओर से मजार शरीफ पर मखमली चादर एवं अकीदत के फूल पेश किये गए। इसी प्रकार केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से भेजी गई चादर व अकीदत के फूल मज़ार शरीफ पर पेश किए गए। चादर दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान लेकर आए।

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भेजी चादर दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान लेकर आये थे तथा पायलट की चादर प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के आबिद कागजी लेकर आये।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पायलट की चादर , राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सदर आबिद कागजी ने चढ़ाई। आबिद कागजी ने सर्किट हाउस एवं दरगाह में पायलट का संदेश पढ़ कर सुनाया । पायलट ने संदेश में कहा कि अजमेर दरगाह शरीफ में ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स के मुबारक के मौके पर पूरी दुनिया से जियारत के लिए आने वाले जायरीनों को मैं तहे दिल से मुबारकबाद पेश करता हूं। यह दरगाह हमारे वतन की गंगा-जमुनी संस्कृति का प्रतीक है। हज़रत ख्वाजा साहब का मुबारक पैगाम प्रेम, सेवा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का रहा है। यह रिवायत हमारे मुल्क का कीमती सरमाया है, जिसकी हिफाज़त करना हम सबका फरीज़ा है। आइये हम सब मिलकर ख्वाजा साहब की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ करें कि मुल्क के अन्दर अमन, शांति और खुशहाली हमेशा बरकरार रहे और अमन के दुश्मनों की तमाम साजिशें नाकाम हों। मुझे पूरा यकीन है कि दुआ के लिए उठे हुए हाथ खुदा के जात से कुबूलियत ज़रूर हासिल करेंगे। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, महेंद्र सिंह रलावता, पारस पंच, नाथूराम सिनोदिया, शिव प्रकाश गुर्जर, हेमंत भाटी, कमल बाकोलिया, इंसाफ अली, अवधेश पारीक, हरि सिंह गुर्जर, प्रताप यादव, गिरधर तेजवानी, शिव कुमार बंसल, आरिफ हुसैन, नरेश सत्यवाना, सुकेश काकरिया, अशोक बिंदल, श्याम प्रजापति, विपिन बेसिल , कुश महेंद्र सिंह रलावता, राज नारायण, अशोक, हमीद चीता, गजेंद्र सिंह रलावता, हितेश्वरी टांक, मनीष चौरसिया, रश्मि हिंगोरानी, सुनील धानका, मनीष सेठी, शक्ति सिंह रलावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लैंड करते हुए तटरक्षक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ

## पोरबंदर हवाई अड्डे पर हुई दुर्घटना में दो पायलट व एक एयरक्रू गोताखोर की मृत्यु

नयी दिल्ली, 05 जनवरी।भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एक एएलएच एमके- हेलीकॉप्टर रविवार को गुजरात के पोरबंदर हवाई अड्डे के रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन कर्मियों की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई जब दो पायलटों और एक एयरक्रू गोताखोर के साथ आईसीजी हेलीकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था।

- **दोपहर में रूटीन राउन्ड के बाद कोस्ट गार्ड हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान रनवे पर क्रैश हो गया। जोरदार धमाके की आवाज आस-पास के इलाकों में सुनी गई।**
- **तीनों मृतकों का सेवा परम्पराओं एवं सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। घटना के कारणों पर बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी द्वारा जांच होगी।**

घटना के तुरंत बाद, चालक दल को पोरबंदर के सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के कारणों की जांच बोर्ड ऑफ इंक्वायरी द्वारा की जा रही है।

बयान के अनुसार, चालक दल के कमांडेंट (जेजी) सौरभ, डिप्टी कमांडेंट सुधीर कुमार यादव और मनोज प्रधान नाविक के शवों का सेवा परंपराओं एवं सम्मान के अनुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि कोस्ट गार्ड के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही एयर एन्क्लेव में फायर ब्रिगेड और पोरबंदर फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंच गए और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाने की कोशिश की। पोरबंदर में तटरक्षक बल का मुख्यालय स्थित है और हवाई अड्डे के पास तटरक्षक बल का एयर एन्क्लेव है। आज दोपहर रूटीन राउंड के बाद जब कोस्ट गार्ड का हेलीकॉप्टर लैंड कर रहा था तो अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद एक जोरदार धमाके की आवाज आसपास के इलाकों में सुनाई दी। हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे पायलट समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मणिपुरः सेना व पुलिस के संयुक्त अभियान में हथियार व गोला बारूद बरामद

इंफाल, 05 जनवरी। भारतीय सेना ने मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर हथियारों और गोला-बारूद की बरामदी में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

कुल 42 हथियार, साथ ही एक बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और युद्ध जैसे सामान को मणिपुर के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों में हुए अभियानों के दौरान जब्त किया गया। यह बरामदगी कई जिलों में की गई, जिसमें इंफाल पश्चिम, चंदेल, थौबल, कंगपोकपी और चुराचंदपुर शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कोहिमा में बताया कि सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे से बचाने के लिए सुरक्षा बल इस तरह के ऑपरशन चला रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में ऑपरेशनों को तेज किया है, खोज अभियानों का संचालन कर रहे हैं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय दबदबा सुनिश्चित कर रहे हैं।

# मस्जिद कमेटी संभल के मामले में इलाहबाद हाई कोर्ट पहुँची

## याचिका में जिला अदालत में चल रहे मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगाने की मांग की गई है

संभल, 05 जनवरी। उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद विवाद से जुड़ी खबर में एक बड़ा अपडेट समाने आया है। मस्जिद कमेटी अब इस मामले को इलाहाबाद हाई कोर्ट ले गई है। मस्जिद कमेटी की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है, जिसमें संभल की जिला अदालत में चल रहे मुकदमे की पोषणीयता पर सवाल उठाए गए हैं और उसे रद्द किए जाने की गुहार की गई है। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दाखिल किया गया है।

मस्जिद कमेटी ने अपनी याचिका में मांग की है कि जिला अदालत में चल रहे मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही कमेटी ने यह भी अपील की है कि एडवोकेट कमिश्नर की सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जाए और न ही निचली अदालत के सर्वे आदेश की आगे की प्रक्रिया पर कोई कार्रवाई की जाए।

- **हिन्दू पक्ष ने पहले ही इलाहबाद हाई कोर्ट में कैविएट दाखिल कर रखा है, जिसका मतलब है कि कोर्ट हिन्दू पक्ष को सुने बिना कोई भी फैसला नहीं सुनायेगा।**

इस मामले में हिंदू पक्ष ने पहले ही इलाहाबाद हाई कोर्ट में कैविएट दाखिल कर रखा है, जिसका मतलब है कि कोर्ट हिंदू पक्ष को सुने बिना कोई भी फैसला नहीं सुनाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि अदालत मामले की सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष की भी राय सुने, ताकि किसी भी पक्ष की ओर से किसी भी प्रकार का पक्षपाती निर्णय न लिया जा सके। मस्जिद कमेटी की याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में मंगलवार या बुधवार को सुनवाई हो सकती है। अदालत की सुनवाई के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई तय होगी।

शाही जामा मस्जिद के विवाद का मुख्य मुद्दा मस्जिद के सर्वे और उसके बाद की कार्यवाही पर है। पहले से ही इस मामले में जिला अदालत ने सर्वे के आदेश दिए थे, जिनके बाद इस विवाद ने और ज्यादा तूल पकड़ा। मस्जिद कमेटी का आरोप है कि यह सर्वे और उसके बाद की प्रक्रिया बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के की जा रही है। इस मस्जिद का विवाद इस बात को लेकर है कि यह मस्जिद एक पुराने हिंदू मंदिर के ऊपर बनाई गई है या नहीं। इस विवाद में हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच मतभेद हैं।

## बाँग्लादेश से 95 मछुआरे सकुशल भारत लौटे

कोलकाता, 05 जनवरी। कई महीनों से भारत और बांग्लादेश के मछुआरे आज अपने-अपने वतन लौटे। रविवार को बंगाल की खाड़ी में इनका आदान-प्रदान हुआ। बांग्लादेश ने जहां 95 भारतीय मछुआरों को छोड़ा। वहीं भारत ने 90 बांग्लादेशी मछुआरे बांग्लादेश को सौंपे। उल्लेखनीय है कि पूरी प्रक्रिया पर भारत और बांग्लादेश की कोस्ट गार्ड की निगरानी हुई।

एक बयान के मुताबिक, भारतीय तटरक्षक बल और बांग्लादेश तटरक्षक बल के बीच समन्वित मछुआरों के आदान-प्रदान में, आईसीजी जहाज वरद और अमृत कौर ने 95 भारतीय मछुआरों और चार भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को सुरक्षित रूप से भारत वापस भेजा, जबकि 90 बांग्लादेशी मछुआरों, जिनमें डूबी हुई मछली पकड़ने वाली नाव "कौशिक" से बचाए गए 12 मछुआरे भी शामिल हैं, को बांग्लादेश तटरक्षक बल को सौंपा गया।

- **भारत ने भी 90 बाँग्लादेशी मछुआरों को वापस भेजा।**

# यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर में नहीं जलाया जाए

## इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पेश याचिका पर आज सुनवाई होगी

भोपाल, 05 जनवरी। मध्य प्रदेश के पीथमपुरा में यूनियन कार्बाईड का कचरा जलाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कचरे को भोपाल से पीथमपुरा ले जाने और वहां इसे जलाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि यूनियन कार्बाईड के कचरे को भोपाल से पीथमपुरा ले जाने का फैसला लेते समय पीथमपुरा के लोगों से सलाह नहीं ली गई। पीथमपुरा में रेडिएशन का खतरा हो सकता है। अगर वहां एसा होता है तो पीथमपुरा में उचित मेडिकल फेसिलिटी मौजूद नहीं है। अह इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट कल सुनवाई करेगा।

- **याचिका में कहा गया है कि कचरा जलाने से पीथमपुर में रेडिएशन का खतरा हो जायेगा और वहाँ इसके लिये उचित मैडिकल फैसिलिटी भी नहीं है।**

दरअसल, मध्य प्रदेश के पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के रासायनिक कचरे के निष्पादन को लेकर बवाल मचा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सरकार ने वहां कचरा पहुंचा दिया है और अब इसके निष्पादन की तैयारी चल रही है। इस बीच बड़ी संख्या में पीथमपुर के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस कचरे को किसी दूसरी जगह पर जलाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोगों से अफवाहों पर यकीन न करने की अपील की है और कहा है कि सरकार जो कर रही है, वह सभी के हित में है। उन्होंने इशारों में कांग्रेस नेताओं पर निशाना भी साधा।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि 40 साल पहले जिनके कार्यकाल में गैस त्रासदी हुई, वही गलतफहमी फैलाने से आज भी बाज नहीं आ रहे हैं। अज्ञानता के आधार पर गलत बात फैलाई जा रही है, वोट की राजनीति के लिए कोई झूठी बात फैलाए तो मैं क्या कर सकता हूं। अब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है, जिसपर सोमवार को सुनवाई होनी है।

### मोदी का ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कहा कि कुछ सप्ताह पहले उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्घाटन किया था। दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच शुरू हुए इस फेज के पहले खंड से पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी, जनकपुरी के कुछ हिस्से आदि क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इसी तरह दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड के बन जाने पर यह दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा और इसका लाभ रोहिणी, बवाना, नरेला और कुंडली जैसे क्षेत्र के निवासियों को मिलेगा।

### दक्षिण बस्तर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने चार नक्सलियों को मार गिराया। साथ ही एके 47 , एसएलआर जैसे ऑटोमैटिक गन आदि हथियारों को जब्त किया। जानकारी के मुताबिक इस मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए। इस मुठभेड़ पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साई ने पोस्ट शेयर किया है।

# ओयो होटल में अविवाहित जोड़ों को कमरा नहीं मिलेगा

## अपने संशोधित नियम में ओयो ने जोड़ों को शादी का वैध प्रमाण देना अनिवार्य बताया

नई दिल्ली, 05 जनवरी। होटल और ट्रैवल बुकिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी ओयो ने अविवाहित जोड़ों के लिए नियमों में संशोधन किया है। अब ओयो में अविवाहित जोड़ों को कमरा नहीं दिया जाएगा। इसके बाद अब पति-पत्नी ही होटल में कमरा ले सकेंगे। ओयो ने मेरठ से शुरुआत करते हुए भागीदार होटलों के लिए नई 'चैक-इन, नीति लागू की है। संशोधित नीति के मुताबिक, सभी जोड़ों को 'चैक-इन के वक्त अपने रिश्ते का वैध प्रमाण देने के लिए कहा जाएगा। इसमें ऑनलाइन बुकिंग भी शामिल हैं।

- **ओयो कंपनी ने अभी कुछ शहरों में यह नीति लागू की है। शीघ्र ही अन्य शहरों में भी इसे लागू किया जायेगा।**

कंपनी ने कहा कि ओयो ने अपने भागीदार होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर अविवाहित जोड़ों की बुकिंग को अस्वीकार करने का अधिकार दिया है।

ओयो ने मेरठ में अपने भागीदार होटलों को तत्काल प्रभाव से ऐसा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नीति में हुए बदलाव से परिचित लोगों ने कहा कि जमीनी प्रतिक्रिया के आधार पर कंपनी इसे और शहरों में विस्तारित कर सकती है। उन्होंने कहा, "ओयो को पहले भी, विशेष रूप से मेरठ में सामाजिक समूहों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिक्रिया मिली थी। इसके अलावा, कुछ दूसरे शहरों के निवासियों ने भी अविवाहित जोड़ों को ओयो होटलों में चेक-इन करने की अनुमति न देने की मांग की है।

# 'राहुल गाँधी व तेजस्वी यादव युवाओं की लड़ाई का नेतृत्व करें'

## प्रशांत किशोर ने कहा कि यह आंदोलन बिहार की खराब व्यवस्था के खिलाफ है

पटना, 5 जनवरी। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से युवाओं की लड़ाई का नेतृत्व करने की अपील करते हुए कहा है कि वे यदि उनके साथ आते हैं तो वे उनके पीछे बैठकर आंदोलन का समर्थन करेंगे।

किशोर ने गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति के नीचे अपने आमरण अनशन के चौथे दिन प्रेस वार्ता में कहा स्पष्ट रूप से कहा, यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति का नहीं है, बल्कि यह बिहार की खराब व्यवस्था के खिलाफ है। मैं तमाम राजनीतिक पार्टियों से ये अपील करता हूं कि चाहे वो तेजस्वी यादव हों, राहुल गांधी हों, या कोई और नेता, वे हमारे साथ आएं। मैं उनके पीछे बैठकर इस आंदोलन का समर्थन करूंगा। यदि युवा तय कर लें कि वे नेता इसका नेतृत्व करेंगे, तो मैं पीछे हटने के लिए तैयार हूं।

- **आमरण अनशन के चौथे दिन प्रशांत किशोर ने बताया कि आंदोलन अब 51 सदस्यीय युवा सत्याग्रह समिति की ओर से चलाया जायेगा। यह समिति बिहार की व्यवस्था में सुधार के लिये प्रतिबद्ध है।**

किशोर ने कहा कि यदि प्रशासन उनकी गिरफ्तारी कर भी लेती है, तो भी ये सत्याग्रह जारी रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि अब यह आंदोलन 51 सदस्यीय युवा सत्याग्रह समिति की ओर से आगे बढ़ाया जाएगा।यह समिति बिहार की व्यवस्था में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं समिति के साथ खड़ा हूं, और उनकी मदद करूंगा। अब यह आंदोलन सिर्फ बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी)के खिलाफ नहीं है, बल्कि बिहार की पूरी व्यवस्था के खिलाफ है।

प्रशांत किशोर ने कहा, हमारा संघर्ष एक युवा नेतृत्व वाली जन शक्ति के रूप में जारी रहेगा। सरकार चाहे कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, जन बल से अधिक कोई बल नहीं है। इन युवाओं की कमिटमेंट मेरी अपेक्षा से कहीं ज्यादा मजबूत है। उन्होंने बिहार के लोगों से आ ान करते हुए कहा, यह लड़ाई सिर्फ बीपीएससी की नहीं, यह बिहार की व्यवस्था को सुधारने की है।

## तेजस्वी ने प्रशांत किशोर पर छात्र आंदोलन कमजोर करने का आरोप लगाया

पटना, 5 जनवरी। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर आरोप लगाते हुए कहा है कि किशोर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) छात्रों के आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं और वह एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं।

- **बिहार वि.सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, प्रशांत किशोर तब सक्रिय हुए जब आंदोलन का महत्वपूर्ण चरण समाप्त हो चुका था।**

यादव ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने सबसे पहले बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों के मुद्दे को उठाया और सरकार से उनके पक्ष में कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दो पत्र लिखकर इन मांगों पर विचार करने का अनुरोध भी किया था।

उन्होंने कहा कि राजद ने इस मुद्दे पर विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया और इसे सदन में जोर-शोर से उठाया। वहीं, प्रशांत किशोर तब सक्रिय हुए जब इस आंदोलन का महत्वपूर्ण चरण समाप्त हो चुका था। नेता प्रतिपक्ष ने किशोर पर निशाना साधते हुए कहा कि वह धरने के दौरान वैनिटी वैन का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, धरने के पीछे कौन निर्माता और निर्देशक हैं, यह मुझे पता है। यह सब एक तरह की शूटिंग है।

## कश्मीर के कई क्षेत्रों में रविवार को फिर बर्फ गिरी

श्रीनगर, 05 जनवरी। गुलमर्ग और सोनमर्ग जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों सहित कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रविवार को एक बार फिर बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्रीनगर और अन्य निचले इलाकों में बारिश हुई है। श्रीनगर में मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में पूरे जम्मू-कश्मीर में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है।

रिपोर्टों के अनुसार, प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग, सोनमर्ग और कुपवाड़ा, बारामूला, तंगमर्ग, शोपियां, कुलगाम और पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला सहित अन्य क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई है। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार कई स्थानों पर बर्फबारी जारी है।

गुलमर्ग और सोनमर्ग में पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने ताजा बर्फबारी का आनंद उठाया। ट्रैफिक जाम से बचने के लिए गुलमर्ग की सड़कों पर बर्फ हटाने का अभियान भी शुरू किया गया है।

**राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908